## एक नजर

### सामुदायिक शौचालय की नहीं होती सफाई

**कादरचौक।** ब्लॉक कादरचौक के ग्राम पंचायत रेवा में सामुदायिक शौचालय में गंदगी के कारण यहां आने वाले लोगों को परेशानी होती है। सफाई के नाम पर यहां कभी झाड़ू नहीं लगाया जाता है। ग्रामीणों का कहना है की इस शौचालय की कभी साफ सफाई नहीं कराई जाती है। लाखों से बनाए गए शौचालय को नरक जैसा बना दिया है जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सफाई कराने की मांग की है।

### पोस्टर में पूर्णिमा प्रथम

**बदायूं।** राजकीय महिला महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग की छात्राओं के बीच चार्ट एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें पूर्णिमा सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्य (प्रो.) स्मिता जैन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार ने छात्राओं को रसायन विज्ञान के संबंध में जानकारी दी। प्रतियोगिता में पूर्णिमा सक्सेना, इल्तमा खान व सानिया खान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया।

# प्रधान की पॉवर सीज, निलंबित होंगे ग्राम पंचायत अधिकारी

## आरआरसी सेंटर में खरीदारी को लेकर मिली अनियमितता, लाखों का घपला आया सामने

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आरआरसी सेंटर के निर्माण को मिली धनराशि का दुरुपयोग करने के मामले में गांव सीकरी के प्रधान की डीएम ने पॉवर सीज कर दी है। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने के आदेश डीडीओ को दिए हैं। विकास कार्य प्रभावित न हो इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। डीपीआरओ द्वारा गांव में किए गए निरीक्षण के बाद जांच कराई गई थी जिसमें 13 लाख से अधिक की धनराशि का गबन किए जाने की पुष्टि हुई थी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अब डीएम स्तर से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

पिछले साल 2023 अक्टूबर माह के दौरान डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने ब्लॉक आसफपुर की ग्राम पंचायत



गांव सीकरी का निरीक्षण करतीं डीपीआरओ श्रेया मिश्रा। (फाइल फोटो)

सीकरी का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्हें अपशिष्ठ प्रबंधन केंद्र के निर्माण के दौरान अनियमितताएं मिली थीं। निरीक्षण रिपोर्ट डीएम को सौंपने के बाद उनके द्वारा ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ जांच कराने की संस्तुति की गई थी। इसके बाद डीएम ने दो सदस्यीय टीम का गठन कर जांच के आदेश

▸▸ ग्राम पंचायत अधिकारी को भी निलंबित करने के दिए आदेश

> ग्राम पंचायत सीकरी में आरआरसी सेंटर निर्माण में हुए कार्यों की जांच कराई गई थी। इसमें प्रधान और सचिव द्वारा गबन किया गया है। इस प्रकरण में ग्राम प्रधान की पॉवर सीज कर दी गई है। साथ ही सचिव को निलंबित करने के आदेश डीएम ने दिए हैं। कंसल्टिंग इंजीनियर के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए संबंधित संस्था को लिखा गया है।
>
> – **श्रेया मिश्रा**, डीपीआरओ।

कर दिए। जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम प्रधान और सचिव ने बिना प्राक्कलन के ही आरआरसी सेंटर की दीवार पर जाली लगवा दी। साथ ही संबंधित फर्म को भुगतान कर दिया।

अधिकारियों को 36 प्लास्टिक टैंक के स्थान पर 16 टैंक ही बने मिले। शेष धनराशि बिना निर्माण के ही निकाल ली गई। नाला निर्माण में भी धनराशि का दुरुपयोग किया। घटिया सामग्री से तैयार नाले कई स्थानों पर टूटे पाए गए। उनकी लंबाई भी कम मिली। पानी को संरक्षित करने के लिए ग्राम पंचायत की समिति द्वारा 30 सोकपिट तैयार करने का प्रस्ताव बना था, लेकिन प्रधान और सचिव ने कुल 12 सोक पिट का ही निर्माण कराकर शेष की धनराशि को निकाल लिया। कचरा पात्र भी निर्धारित संख्या के अनुसार नहीं बने। कचरा उठाने के लिए ई-रिक्शा की खरीद जेम पोर्टल से की जानी थी। इसके लिए टेंडर निकाला जाना था, लेकिन प्रधान और सचिव ने कोटेशन के आधार पर उसकी खरीद कर ली।

प्रधान ज्योति और सचिव अवधेश कुमार द्वारा कंसल्टिंग इंजीनियर सपन कुमार के साथ मिलीभगत कर 13.33 लाख धनराशि का गबन करने की पुष्टि हुई। जांच कर अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट डीएम को सौंपी गई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएम ने प्रधान की वित्तीय पॉवर को सीज कर दिया। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी अवधेश कुमार को निलंबित करने के आदेश डीडीओ को दिए हैं।

### घपलेबाज कंसल्टिंग इंजीनियर बने रहम के पात्र

ग्राम सीकरी की प्रधान ज्योति और सचिव अवधेश कुमार द्वारा कंसल्टिंग इंजीनियर सपन कुमार के साथ मिलीभगत कर 13.33 लाख धनराशि का गबन कर लिया गया। जांच अधिकारियों द्वारा कंसल्टिंग इंजीनियर के खिलाफ भी कार्रवाई करने की संस्तुति की थी लेकिन अधिकारियों द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जिसको लेकर अब सवाल खड़े हो गए हैं।

# जिले में 24 और 29 को होंगे सामूहिक विवाह कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ विस सत्र चलने के कारण अब तक नहीं हो सके आयोजन

▸▸ समाज कल्याण विभाग कराएगा 14 सौ जोड़ों की शादी

**अमृत विचार:** जिले में 24 और 29 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभाग को करीब 810 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनका सत्यापन कार्य चल रहा है। इससे पूर्व सामूहिक विवाह कार्यक्रम 31 जनवरी को होने थे लेकिन विधानसभा सत्र शुरू हो जाने की वजह से कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सके। चूंकि अब विधानसभा सत्र समाप्त हो गया है। जनप्रतिनिधियों की उपलब्धता रहेगी। जिसके चलते इस माह 24 और उसके बाद 29 फरवरी में विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।

समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने बताया कि 18 सौ शादियां कराने का लक्ष्य मिला था। प्रथम चरण में 398 जोड़ों की शादी कराई गई थी। अभी 1402 शादियां कराई जानी शेष हैं। बताया कि 31 जनवरी को सामूहिक विवाह समारोह होना प्रस्तावित था। परंतु विधानसभा सत्र शुरू होने के कारण जनप्रतिनिधि लखनऊ में थे। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपलब्धता आवश्यक होती है। इनके जिले में न होने की वजह से कार्यक्रम कराया जाना संभव नहीं था। अब विधानसभा सत्र समाप्त हो चुका है। सभी जनप्रतिनिधि लौटने वाले हैं। 24 और उसके बाद 29 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर होंगे। अभी तक विभाग को 810 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनका सत्यापन चल रहा है। सत्यापन कार्य पूर्ण हो जाने पर इन सभी जोड़ों की शादी 24 को कराई जाएगी। लक्ष्य के सापेक्ष बचे शेष जोड़ों की शादियां 29 को होंगी।

# विभाग के पोर्टल पर क्यूआर कोड वाले परिचय पत्र किए गए अपलोड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड युक्त मिलेंगे परिचय पत्र

▸▸ करीब दो हजार कक्ष निरीक्षकों की लगाई जाएगी ड्यूटी

▸▸ संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य ही डाउनलोड कर सकेंगे परिचय पत्र

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को परिचय पत्र दिए जाएंगे। पहली बार कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड मुद्रित परिचय पत्र दिए जाएंगे। परिचय पत्र परिषद के पोर्टल पर अपलोड हो गए हैं। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेंद्र देव ने डीआईओएस को निर्देश जारी किए हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा विभाग के पोर्टल पर क्यूआर कोड वाले परिचय पत्र अपलोड कर दिए गए हैं। संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य परिषद के पोर्टल से कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र डाउनलोड करेंगे। परिचय पत्र दो प्रति में प्रिंट होकर निकलेंगे। परिचय पत्र पर कार्यरत शिक्षकों के अंकित विवरण

> कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र परिषद की वेबसाइट पर अपलोड हो गए हैं। इनका प्रिंट निकाला जा रहा है। कितने शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी। परिचय पत्र डाउनलोड होने के बाद ही पता चलेगा। बेसिक के शिक्षक कितने शामिल हैं। इसकी भी जानकारी परिचय पत्र डाउनलोड होने के बाद ही पता चलेगा। करीब दो हजार के आस-पास कक्ष निरीक्षक लगाए जाने हैं।
>
> – **डॉ प्रवेश कुमार**, डीआईओएस।

व फोटो लगे हैं। जिसे विद्यालय अभिलेख से मिलाकर प्रमाणित किया जाएगा। परिचय पत्र पर शिक्षक द्वारा किए गए हस्ताक्षर होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से प्राप्त परिचय पत्र में से एक प्रति हस्ताक्षरित कर संबंधित प्रधानाचार्य को उपलब्ध कराई जाएगी। दूसरी प्रति कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे। जिन शिक्षकों के कोड युक्त मुद्रित परिचय पत्र पोर्टल से प्राप्त नहीं हुए हैं। प्रधानाचार्य विद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध सादे परिचय पत्र को डाउनलोड कर उन शिक्षकों के विवरण का मिलान कर जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रति हस्ताक्षरित कराकर दे सकते हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी परिचय पत्र का विवरण उनके कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाएगा। कक्ष निरीक्षकों को निर्गत परिचय पत्र के संबंध में यदि कोई संदेह होता है तो विभागीय अधिकारी मोबाइल में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैनर के माध्यम से जांच कर सकते हैं। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग से लिए गए कक्ष निरीक्षकों को पोर्टल पर उपलब्ध सादे परिचय पत्र एवं नियुक्त किए जाने वाले परीक्षा केंद्रों की सूची डीआईओएस को उपलब्ध कराएंगे।

# यूपी बोर्ड : छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश पत्रों का वितरण शुरू



प्रवेश पत्र प्राप्त करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ कॉलेजों ने छात्र-छात्राओं को शुरू किया प्रवेश पत्रों का वितरण

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रवेश पत्रों का माध्यमिक स्कूलों में वितरण शुरू हो गया है। सोमवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों में प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 99 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 64,166 छात्र, छात्राएं परीक्षा देंगे।

डीआईओएस प्रवेश कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 36,40 तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में 27,763 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में संचालित 299 माध्यमिक विद्यालयों में यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र का वितरण शुरू किया गया।

हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी अपने विद्यालय से संपर्क कर अपना प्रवेश पत्र ले सकते हैं। सोमवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में प्रवेश पत्रों का वितरण किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य कॉलेजों में भी प्रवेश पत्रों का वितरण किया गया। प्रवेश पत्र लेने के लिए कॉलेजों में गहमागहमी का माहौल रहा।

## केंद्र व्यवस्थापकों को मिला प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को डीएम ने दिए निर्देश

▸▸ 99 केंद्रों पर 64166 परीक्षार्थी देंगे यूपी बोर्ड परीक्षा, तैयारी पूरी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डीएम ने केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक और सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के लिए दिशा निर्देश दिए।

डीएम मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षा में गोपनीयता, पारदर्शिता एवं अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि केंद्रों पर प्रश्नपत्र डबल लॉक में रखे जाएं। परीक्षा की वीडियोग्राफी एवं वॉयस रिकॉर्डर सहित सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी होगी। परीक्षा में निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की पूरी टीम तैनात रहेगी। बोर्ड व जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी कार्यरत रहेंगे। परीक्षार्थियों की तलाशी गहनता से की जाए। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस



अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्र में पूर्णतया वर्जित रहेगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मानकों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। कहा कि केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा की धुरी हैं। सभी व्यवस्थाओं का गहनता से अध्ययन कर लें और अपने अधिनस्थों को ब्रीफ कर दें। कहीं किसी प्रकार की शिकायत न मिलने पाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी रेनू सिंह, एसपी सिटी एके श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

विदित रहे कि 22 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 99 कॉलेज बनाए गए हैं। इनमें 99 स्टैटिक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक नामित किए गए हैं। नकल रोकने के लिए छह सचल दल गठित किए गए हैं। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 64166 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे।

# गलत खानपान से महिलाओं में बढ़ रही खून की कमी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ समय से पहले होता है प्रसव, संक्रमित होते हैं नवजात शिशु

▸▸ गांव की गर्भवतियों में अधिक होती है खून की कमी

**अमृत विचार :** महिलाओं में खून की कमी के कारण समय से पहले प्रसव हो रहा है जिससे नवजात के साथ साथ प्रसूता को भी जान का खतरा बना रहता है। महिला रोग विशेषज्ञों का कहना है कि गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन युक्त भोजन और फल नहीं मिलने से खून की कमी बनती जा रही है। ऐसी स्थिति में कमजोर महिलाओं की जान बचानी मुश्किल हो जाती है।

जिला महिला अस्पताल में हर रोज आठ से दस महिलाओं को प्रसव कराया जाता है। इनमें चालीस प्रतिशत महिलाओं का समय से पहले प्रसव होता है। जिन महिलाओं का आठ या साढ़े आठ महीने का प्रसव होता है, उनमें ब्लड की कमी पायी जाती है। ब्लड की कमी के कारण महिला को प्रसव के समय परेशानी होती है। साथ ही नवजात को बचाना



महिला मरीजों को देखतीं डा. राबिया। ● अमृत विचार

टेढ़ी खीर होता है। नवजात और प्रसूता को बचाना डॉक्टर को एक चुनौती भरा कार्य है।

जिला महिला अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डा. राबिया ने बताया कि जो महिलाएं गांव देहात से आती हैं उनमें खून की कमी पायी जाती है। क्योंकि उन महिलाओं का खान पान केवल दाल रोटी ही होता है। वह प्रोटीन युक्त कुछ पदार्थ नहीं लेती हैं। जबकि शहरी क्षेत्रों की महिलाएं जागरूक होती हैं कि वह फल और अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ लेती हैं। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला को सात से आठ घंटे की नींद लेनी चाहिए। पूरी नींद नहीं होने से गर्भस्थ शिशु पर विपरीत असर पड़ता है।

> जिला महिला अस्पताल में करीब 70 से 80 अल्ट्रासाउंड हर दिन करने पड़ते हैं, जो महिलाएं देहात क्षेत्र से आती हैं उनको परेशानी ज्यादा होती है। वहीं महिलाएं आठ या साढ़े आठ महीने के शिशु को जन्म देती हैं। उन महिलाओं के नवजात का बचाना मुश्किल हो जाता है। कम समय पर प्रसव होना प्रसूता की जान को खतरा पैदा करता है। कई बार अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देख कर प्रसव कराना पड़ता है। शहरी क्षेत्र की महिलाओं में इस तरह की समस्या कम मात्रा में देखने को मिलती है।
>
> – **डा. इंदु कांत वर्मा** – सीएमएस।

सीनियर लैब टेकनीशियन तनवीर ने बताया कि जिला महिला अस्पताल में करीब डेढ़ सौ ब्लड सैंपलों की हर रोज जांच होती है। इन सैंपलों में 38 प्रतिशत महिलाओं में ब्लड की कमी पायी जाती है। जबकि करीब पांच प्रतिशत गर्भवती महिलाओं में कम वजन पाया जाता है।

## पंचायतों का डाटा पीडीआई पोर्टल पर फीड कराएंगे बीडीओ

**बदायूं, अमृत विचार:** सोमवार को कलेक्ट्रेट में पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स की बैठक संपन्न हुई। इसमें डीएम ने बीडीओ को ग्राम पंचायतों का डाटा संबंधित पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश दिए।

जनपद में 1037 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों का डाटा संबंधित पोर्टल पर फीड किया जाना है। डीएम मनोज कुमार ने खंड विकास अधिकारी को डेटा फीड करवाने क लिए विकास खंड पर नोडल नामित किया है। कहा कि ग्राम पंचायतों के आकलन के अनुसार ही रैंक प्राप्त होती है। रैंक की अनुसार ही ग्राम पंचायत पुरस्कार के लिए पात्र मानी जाएंगी। इस तरह कई प्रक्रियाओं के बाद समस्त विकास खंडों से डेटा प्राप्त होने के उपरांत राज्य स्तर को प्रेषित किया जायेगा।

# नए सत्र में बच्चों के हाथ में होंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ जिले में पहुंचाईं 50 हजार किताबें, नए सत्र से शुरू होगा वितरण

▸▸ नए शैक्षिक सत्र में पहुंचाई जानी हैं 20 लाख से अधिक किताबें

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों के बच्चों के बैगों में नए शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही किताबें होंगी।

किताबें शासन की ओर से विभाग को भेजना शुरू कर दी गई हैं। नए सत्र की जिले में 50 हजार से अधिक किताबों की पहली खेप आ गई है। जिन्हें नवादा स्थित गोदाम में रखवाया गया है। हालांकि अभी जूनियर कक्षाओं की वैकल्पिक विषय की किताबें ही भेजी गई हैं। अन्य विषयों की किताबें जल्द आने वाली हैं। इसके बाद इन्हें बीआरसी के माध्यम से स्कूलों में भेजा जाएगा।

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल है। इसमें प्राथमिक 1502, जूनियर हाई स्कूल 356 और 297 कंपोजिट विद्यालय संचालित है। जिनमें लगभग 3.42 लाख से अधिक हजार बच्चे अध्ययनरत है। इन बच्चों को एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन ही किताबें दी जाएंगी। असल में पांच साल पूर्व कॉन्वेंट की तर्ज पर परिषदीय स्कूलों में शिक्षा सत्र अप्रैल से लागू हुआ। किताब आपूर्ति करने वाली संस्थाएं समय से किताबें पहुंचाने में जुट गई है।

### कक्षा एक और दो की किताबें एनसीईआरटी की होंगी

शासन से नामित संस्था द्वारा अभी कक्षा तीन से आठ तक की कक्षाओं के लिए किताबें भेजी जा रही हैं। कक्षा एक और दो की किताबें एनसीईआरटी की होंगी। इन्हें बाद संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

### बीस लाख से अधिक आएंगी किताबें

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय में अध्ययनरत 3.42 लाख बच्चों का डाटा भेजा गया था। जिसके तहत जनपद में 50 हजार से अधिक किताबों की पहली खेप पहुंच गई है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था को 20 लाख से अधिक पुस्तकों का ऑर्डर भेजा गया है। शेष किताबें भी जल्द ही आनी शुरू हो जाएगीं। जिले में आने वाली किताबों को गोदाम में रखा गया है। सभी विषयों की किताबें आने के बाद बीआरसी के माध्यम से स्कूलों को भेज दी जाएगी। इससे नए सत्र के पहले दिन से ही सभी बच्चे किताबों के साथ ही स्कूल पहुंच सकेंगे।

> शासन से नामित संस्था द्वारा किताबें भेजी जानी शुरू कर दी गई हैं। अभी करीब 50 हजार किताबों की खेप आई है। करीब बीस लाख के आस पास किताबें आनी हैं। सभी किताबें आने के बाद बीआरसी के माध्यम से इन्हें स्कूलों में भेजा जाएगा।
>
> – **स्वाती भारती**, बीएसए।

# खनन कर ओरछी चौराहे से ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली



थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में ओरछी चौराहे से गुजरती मिट्टी लदी ट्राली।

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** लगातार कार्रवाई होने के बाद भी खनन माफिया बाज नहीं आ रहे हैं। बिना डर के खनन करके ट्रॉलियों में भरकर ले जा रहे हैं। आसपास के जिले से आकर बदायूं में खनन किया जा रहा है।

खनन करने के बाद माफिया मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे होकर गुजर रहे हैं। ट्रालियों में ऊपर तक मिट्टी भरी रहती है, जो हवा में उड़ती है। राहगीरों को परेशान होती है। आंखों में जाने से हादसे का डर बना रहता है। नियमानुसार अगर परमिशन लेकर भी खनन किया जाए तो मिट्टी को ढककर ले जाना जरूरी होता है। बताया जा रहा है कि फैजगंज बेहटा क्षेत्र में खनन करने के बाद माफिया मिट्टी पास के जिला संभल ले जाते हैं। चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी होने के बाद भी वह बेधड़क निकल जाते हैं।

# गन्ना विभाग ने दी तहरीर, रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ दूसरे जिलों में गन्ना बेच रहे लोगों से सांठगांठ करने का आरोप, बनाया दबाव

▸▸ जिले का गन्ना जा रहा बाहर, बेकार साबित हो रही गन्ना विभाग की भागदौड़

**अमृत विचार :** गन्ना विभाग ने तीन दिन पूर्व लगभग दबिश देकर दूसरे स्थानों पर गन्ना ले जा रहे लोगों की गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रालियां पकड़ी थीं मगर ये लोग पुलिस को चकमा देकर भाग गए थे। विभाग के सचिव ने थाने में कई को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी थी। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस ने माफियाओं के घरों में दबिश दी है। उन पर दबाव बनाया जा रहा है। दो दिन पूर्व थाने में बुलाकर बात भी की गयी थी।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम करौलिया, गुलड़िया सहित कई गांवों के लोग यहां का गन्ना खरीद कर दूसरे जिलों में ले जाकर बेचते हैं। जिला गन्ना विकास समिति सचिव राजीव कुमार सिंह को किसी ने रात में सूचना दी कि गन्ना दूसरे जिलों को ले जाया जा रहा है। राजीव कुमार सिंह अपने कर्मचारियों और पुलिस के साथ रात में ही मौके पर पहुंच गए। पुलिस को आता देख माफिया ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गये। पुलिस ने गन्ना लदी ट्रालियां थाने में खड़ी कर लीं।

राजीव कुमार सिंह ने रात में ही पुलिस के साथ कई गांवों में उपरोक्त लोगों के घरों में दबिश दी। मगर कोई हाथ नहीं लगा। सचिव ने आधा दर्जन लोगों को नामजद करते हुए दर्जन भर अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कुछ लोगों ने बताया कि थाने में बैठकर कुछ लोगों ने किसी मध्यस्थ से बातचीत कराई है। आरोप है मामला रफा दफा करने के लिए सांठगांठ की गयी है।

जिला गन्ना विकास समिति सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने तो पुलिस को तहरीर दे दी है। अब पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है, तो इसमें क्या किया जा सकता है। उधर, बिसौली क्षेत्र से अभी भी दूसरे जिलों को गन्ना ले जाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गन्ना विभाग तो कभी कभी कार्रवाई करता है। उपरोक्त लोगों पर नकेल कसने के वादे भी झूठे साबित हो रहे हैं। बिसौली क्षेत्र में पुलिस चेकिंग के दौरान जनवरी के महीने में कार सवार तीन लोग पकड़े गए थे। उनके कब्जे से लाखों की नगदी भी बरामद की गयी थी। इस मामले में भी तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। साथ ही बिसौली चीनी मिल प्रशासन के खिलाफ भी शिकायत दर्ज की गयी थी।

## स्काउटिंग तैयार करती है देश के सर्वोच्च नागरिक

**बदायूं, अमृत विचार :** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर बेसिक गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर और प्रदेश स्तरीय पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा कोर्स का आरंभ हुआ।

स्काउट संस्था के जिलाध्यक्ष एवं प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना एडवोकेट ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग युवाओं को जीवन जीने की कला के साथ देश का सर्वोच्च नागरिक तैयार करती है। शिविर में बेसिक स्काउट मास्टर बेसिक गाइड कैप्टन कोर्स के स्काउट विंग के एलओसी डा. राजीव वार्ष्णेय, गाइड विंग की एलओसी वंदना श्रीवास्तव, राज्य स्तरीय प्राथमिक चिकित्सा कोर्स की एलओसी नेहा कटियार के अलावा प्रशिक्षक मोहित कुमार और लक्ष्मी सिंह ने स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन को ट्रेनिंग दी। जिला संगठन कमिश्नर मो. अबरार, पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा आदि रहे।

# श्री गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ मातृ-पितृ पूजन




मातृ-पितृ पूजन में मौजूद अभिभावक और बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

▸▸ बच्चों ने मां बाप का किया सम्मान, उनसे लिया आशीर्वाद

**अमृत विचार :** पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में रविवार की रात मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर मौजूद माता-पिता की उनके ही बच्चों ने विधि विधान के अनुसार पूजन किया।

योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश आहूजा ने कहा कि नई पीढ़ी के बच्चे आज के युग में रास्ते से भटके नहीं। इस कारण हम लोग मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जोधपुर से आए आलोक ने आभार प्रकट किया और नगर निवासी चुन्नीलाल पवन यादव, आजाद, राजेश ने विचार रखे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# इंटरमीडिएट की छात्रा ने खुद को तमंचे से मारी गोली, मौत

## आत्मघाती कदम उठाने के घर में अकेली थी छात्रा सहजल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ फॉरेंसिक टीम ने एकत्रित किए साक्ष्य, पुलिस कर रही जांच


मृतका सहजल।

**अमृत विचार :** थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव में इंटरमीडिएट की छात्रा ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली उसके सीने में लगी। उस दौरान घर पर वह अकेली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव इटौआ निवासी वेदपाल सिंह वरिष्ठ पत्रकार हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे वह और परिवार के अन्य लोग घर पर नहीं थे। अपने अपने काम से बाहर गए थे। वेदपाल सिंह की पत्नी रजनी काम करने के लिए घर पर गई थीं। इसके बाद उनकी पत्नी घर पर पहुंचीं तो सहजल का शव कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। उसके सीने में गोली लगी थी। पहले तो उन्हें कुछ समझ नहीं आया लेकिन सीने से निकलता खून देखा तो वह चिल्ला पड़ी और बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी। चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। सभी के जेहन में एक ही बात थी कि उसने आत्महत्या क्यों की होगी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की सूचना पर बिसौली क्षेत्र के सीओ सुनील कुमार और इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह गांव पहुंचे। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। ग्रामीणों ने बताया कि छात्रा खुशमिजाज थी। सभी से हंस बोलकर बात करती थी। छात्रा के पिता वेदपाल सिंह विलाप करते रहे। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे और सबसे छोटी बेटी सहजल थी, जो गांव बगरैन के ओपी सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। इसमें वह इंटरमीडिएट में पढ़ती थी। आत्महत्या पर उन्हें भरोसा नहीं हो रहा है। तमंचा कहां से आया और अगर तमंचा था तो उसमें कारतूस लोड कैसे था। एसपी देहात राम मोहन सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है कि तमंचा कैसे मिला।

# परिवार को बंधक बनाकर लूट ली भैंस

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव में पिकअप सवार चार-पांच बदमाशों ने परिवार के लोगों को बंधक बनाया। बदमाश एक भैंस को पिकअप में लादकर भाग गए। भैंस मालिक ने तहरीर दी है।

मामला कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव जमरौली का है। गांव निवासी सुरेश पुत्र शंकर लाल ने बताया कि सोमवार तड़के लगभग साढ़े तीन बजे चार-पांच बदमाश पिकअप से आए। उनके पिता शंकर लाल, मां और बहन को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया। पशुशाला में बंधी चार भैंस खोल ली। तीन भैंस उनकी चुंगल से छूटकर भाग गईं। बदमाश एक भैंस ले गए। शोर पर सुरेश और गांव के प्रधान ने बाइक से गांव दबिहारी मोड़ तक पीछा किया लेकिन बदमाश हत्थे नहीं चढ़े। शंकर लाल ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि भैंस चोरी हुई है। भैंस स्वामी ने इसकी तहरीर दी है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# 34 लाख से तैयार सीसी मार्गों का किया अनावरण


सीसी मार्ग का अनावरण करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

संवाददाता, कुंवरगांव

▸▸ सदर विधायक ने कहा भाजपा बिछा रही सड़कों का जाल, लोगों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र में तीन अलग-अलग ग्राम पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत की मदद से करीब 34 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुई सीसी मार्गों का सदर विधायक द्वारा लोकार्पण किया गया। सोमवार को गांव अर्सिस, औरंगाबाद खालसा, कुंआडां समेत तीनों गांवों में पहुंच कर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह ने तीनों मार्गों का अनावरण किया।

सदर विधायक ने ग्रामीणों को बताया कि भाजपा सरकार गांव-गांव सड़कों का जाल बिछा रही है। विकास कार्यों की लहर दौड़ रही है। इस मौके पर ग्राम प्रधान हिमानी उपाध्याय, जवाहरलाल उपाध्याय, सचिव मनोज कुमार राम, ग्राम प्रधान औरंगाबाद रमेश राजपूत, गुरु, धीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, निरंजन पाल सिंह, जितेंद्र सक्सेना, सुधीर आदि मौजूद रहे।

# तारकशी में छोड़े गए करंट से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** फसल की सिंचाई करने गया किसान तारकशी में छोड़े गए करंट की चपेट में आ गया। मौके पर ही किसान की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बघौरा निवासी हाकिम (28) पुत्र सोहन खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। रविवार रात वह फसल की रखवाली करने गए थे। साथ ही सिंचाई भी कर रहे थे। इसी दौरान वह पास मथुरी के खेत में तारकशी करके छोड़े गए करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह तक घर न पहुंचने पर परिजन तलाश करने के लिए खेत पर गए। जहां उनका शव पड़ा मिला। कोहराम मच गया। किसान के पेट पर तार से जलने का निशान था। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने खेत मालिक के खिलाफ तहरीर दी है।

## एक नजर

### आवास योजना के नाम पर ठगे सवा लाख रुपये

**उझानी ।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर जालसाजों द्वारा एक महिला से करीब सवा लाख रुपये ठग लिए गए। उनके द्वारा रुपये किस्तों में लिए गए लेकिन योजना का लाभ न मिल सका। इसके बाद पीड़ित महिला ने संबंधित के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी फरजाना पत्नी रफीक अहमद ने पुलिस को तहरीर में बताया कि कस्बे मोहल्ला गद्दी टोला निवासी छोटे पुत्र सूबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया था। उससे किस्तों में कई बार रुपये लिए गए। योजना के तहत आवास का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाते हुए वह उन्हें दिल्ली तक घुमाने ले गया। वहां उसके द्वारा महेंद्र त्रिपाठी और ममता यादव नामक महिला से वार्ता कराई लेकिन आवास का लाभ नहीं मिल सका। उसके जालसाज होने का शक हुआ। इसके बाद पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मृत गोवंश के पड़े रहते हैं शव

**कादरचौक।** कादरचौक के निकट बनी गोशाला में गोवंश के शव पाए गए हैं जो कई कई दिनों से पड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गोशाला में बीमार गोवंश के उपचार के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसका खामियाजा गोवंश को भुगतना पड़ रहा है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते न तो इन्हें चारा मिल पा रहा है और न ही समय पर पानी मिलता है जिससे भूख से तड़प तड़प कर गोवंश की मौतें हो रही हैं। मृत गोवंश के शव कई कई दिनों तक पड़े रहते हैं जिससे दुर्गंध आने लगती है। इधर से निकलने वाले लोगों को भारी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने संबंधितों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# पचास ट्रैक्टरों के साथ आज दिल्ली को रवाना होंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


दिल्ली जाने को तैयार खड़े भाकियू जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर व अन्य।

**अमृत विचार :** दिल्ली में होने वाली महापंचायत में शामिल होने के लिए 13 फरवरी को सिलहरी से पचास ट्रैक्टर लेकर भाकियू नेता दिल्ली को रवाना होंगे। दिल्ली में राष्ट्रीय आह्वान पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारी कर ली गयी है। किसान राशन-पानी लेकर रवाना होंगे।

भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष केपी एस राठौर ने सोमवार को बताया कि केंद्र सरकार की वादा खिलाफी से परेशान होकर किसान एक बार फिर दिल्ली में आर पार की लड़ाई के पहुंच रहे हैं। दिल्ली में हजारों की संख्या में जुट रहे किसानों ने केंद्र सरकार के साथ चुनौतीपूर्ण ढंग से लड़ाई होगी। केपी एस राठौर ने बताया कि जिले से 13 फरवरी को करीब 50 ट्रैक्टरों के साथ किसान रवाना होंगे। किसान अपने साथ खाने पीने का सामान लेकर पहुंच रहे हैं। दिल्ली में जाने वाले किसानों ने पुलिस प्रशासन को भी सूचित कर दिया है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि सिलहरी क्षेत्र से करीब दो सौ किसान दिल्ली को रवाना होंगे जबकि अन्य तहसील क्षेत्रों से भी किसान दिल्ली को रवाना होंगे। दिल्ली जाने वालों में सूरजपाल सिंह, हरीश सिंह, प्रताप सिंह, मुनेन्द्र, हरवंश सिंह, जमुना प्रसाद सहित अनेक किसान रवाना हो रहे हैं।

# नशे के लिए दो युवकों ने की थी ई-रिक्शा चालक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



हत्यारोपी की जानकारी देते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र में लापता ई-रिक्शा चालक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सहसवान और बिल्सी के नशेड़ी किस्म के दो युवकों ने लूट करने के बाद ई-रिक्शा चालक की हत्या की थी। दोनों ने अपनी नशे की लत पूरी करने के लिए हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सत्यवीर उर्फ बंटू चार फरवरी को ई-रिक्शा लेकर मुजरिया चौराहे पर गया था। जिसके बाद से वापस घर नहीं लौटा। तलाश करने के बाद भी उसका पता न चलने पर अगले दिन गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया था। शनिवार को इस्लामनगर मार्ग पर खंती में उसका ई-रिक्शा मिला तो पुलिस ने अनहोनी की आंशका जताई। इसी बीच रविवार को युवक का शव थाने के कुछ बिजली घर के पास निर्माणाधीन मकान में मिला था। एसएसपी ने जल्द खुलासा करने का आदेश दिया था। एसपी देहात राम मोहन सिंह ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने एक संदिग्ध को पकड़ा। जिसने अपना नाम कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला रुस्तम टोला निवासी इकबाल उर्फ इकबालुद्दीन पुत्र शमीमउद्दीन बताया। जिसके पास से सत्यवीर का पर्स, 1200 रुपये, ई-रिक्शा की दो बैट्री बरामद हुईं। पूछताछ में उसने बताया कि उसके दोस्त कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खैरी निवासी गौरव माहेश्वरी और उसे नशे के लिए रुपयों की जरूरत थी। उन्होंने लूट की योजना बनाई थी। चार फरवरी को सत्यवीर का ई-रिक्शा मुजरिया चौराहे से सहसवान के लिए बुक किया था। कुछ दूरी जाकर ई-रिक्शा रुकवाया। एक निर्माणाधीन मकान से सीढ़ी निकलवाने के लिए सत्यवीर की मदद मांगी। उसे मकान में ले गए। जहां उसके ई-रिक्शा में बंधी रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। शव वहीं छिपाकर भाग गए थे। उसका पर्स, मोबाइल, 27 सौ रुपये लूट लिए।

इकबाल उसके मोबाइल में अपना सिम डालकर चला रहा था। पुलिस ने आरोपी इकबाल को जेल भेज दिया। वहीं, इससे पहले सोमवार सुबह परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। हत्या का खुलासा करने की मांग करते हुए हंगामा किया। कहा कि अगर पुलिस लापरवाही न करती तो उनके बेटे की जान बच जाती। जिला पंचायत सदस्य के समझाने के बाद परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, पुलिस के अनुसार चार फरवरी को ई-रिक्शा बुक करने के आधे घंटे के बाद ही सत्यवीर की हत्या कर दी गई थी।

### कबाड़ी ने ई-रिक्शा खरीदने से पहले मांगा आधार कार्ड

सत्यवीर की हत्या करने के बाद दोनों आरोपी ई-रिक्शा बेचने के लिए कस्बा बिल्सी गए थे। जहां कुछ कबाड़ियों को बेचने का प्रयास किया लेकिन कबाड़ियों ने ई-रिक्शा खरीदने से पहले उन दोनों के आधार कार्ड की कॉपी मांगी थी। जिसके चलते वह ई-रिक्शा नहीं बेच सके। गौरव ई-रिक्शा अपने गांव ले गया। रात होने पर ई-रिक्शा से चारों बैट्री निकालकर खंती में फेंक दिया।

▸▸ हत्यारोपियों ने की थी बिल्सी के कबाड़ियों को ई-रिक्शा बेचने की कोशिश, मांगा था आधार कार्ड

▸▸ 4 फरवरी को लापता हुआ था चालक, शनिवार को ई-रिक्शा और रविवार को मिला था शव

> नशेड़ी किस्म के दो युवकों ने ई-रिक्शा चालक की हत्या की थी। उन्होंने नशे की लत पूरी करने के लिए रुपयों के इंतजाम करने को हत्या की थी। इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरा भी जल्द ही पकड़ा जाएगा।
> – **आलोक प्रियदर्शी,** एसएसपी।

# बाल विकास के परियोजना कार्यालय पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल

संवाददाता, आसफपुर


आंगनबाड़ी से रुपये लेतीं सीडीपीओ द्वारा रखी गई बाहरी महिला।

▸▸ अवैध वसूली करने वाले के खिलाफ कार्यकत्रियों ने थाने में दी तहरीर

▸▸ लेखा जोखा रजिस्टर का सत्यापन करने को लेकर वसूले जा रहे थे रुपये

▸▸ कार्यालय में रखे गए बाहरी लोगों पर लगे आरोप

> बाल विकास परियोजना कार्यालय पर वायरल हुए वीडियो के संबंध में जानकारी नहीं है। अभी मै बाहर हूं। लौटने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – **विजय लक्ष्मी,** सीडीओ।

**अमृत विचार:** बाल विकास विभाग का परियोजना कार्यालय अवैध वसूली का अड्डा बन गया है। सीडीपीओ द्वारा रखे गए बाहरी लोगों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अवैध वसूली की जा रही है। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। वहीं, रुपये लेने के आरोप में कार्यकत्रियों ने संबंधित थाने में तहरीर दी है।

बताया जाता है कि परियोजना कार्यालय पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लेखा जोखा रजिस्टरों का सत्यापन करने के लिए सीडीओ द्वारा दो बाहरी लोगों को लगा रखा है। इनके द्वारा रजिस्टरों को सत्यापित किया जाता है। सोमवार को इन लोगों के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बुलाया गया, जहां सीडीपीओ द्वारा रखे गए लोगों द्वारा रजिस्टर सत्यापन करने के एवज में कार्यकत्रियों द्वारा अवैध धन की उगाही की गई। जिसका वीडियो वायरल हो गया। इसमें एक महिला और पुरुष आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से रुपये लेते हुए दिख रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम सक्सेना ने अवैध धन उगाही का आरोप लगाते हुए संबंधित थाने में तहरीर दी है। साथ ही धन उगाही करने वालों पर मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।

# ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का आरोप, प्रदर्शन

**विजय नगला, अमृत विचार :** मामला थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रसूलपुर के पास का है। बरेली निवासी दिनेश अपनी जमीन की नींव भरवा रहे थे। सूचना मिलने पर ग्रामीण पहुंच गए। ग्राम समाज की जमीन बताकर हंगामा शुरू कर दिया। कहा कि दिनेश ने कुछ दिन पहले सात बीघा जमीन खरीदी थी, जो गांव के उत्तरी दिशा में मंदिर के पास है। ग्रामीणों का आरोप है कि दिनेश ने तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों से मिलकर मंदिर के पास ग्राम समाज की जमीन अपने में मिला ली है। कब्जा करके जमीन पर नींव भरवाई जा रही है। ग्रामीण अजय पाल ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। हंगामा बढ़ा तो पुलिस पहुंच गई। जेसीबी से हो रहा काम रुकवा दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि जमीन की पैमाइश के बाद ही आगे का काम करने दिया जाएगा।

# दावत खाने गए युवक की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, दबतोरी


मृतक रोहित।

**अमृत विचार :** दावत खाने गए युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। शादी वाले घर में मातम पसर गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव दबतोरी निवासी रोहित पुत्र राकेश सिंह एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार रात दबतोरी में उनके घर के पास से गुजर रही रेलवे लाइन के पार शादी समारोह था। वह दावत खाने के बाद कहकर घर से गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे। सुबह लगभग पांच बजे ग्रामीणों ने रेलवे लाइन पर उनका शव पड़ा देखा। उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। परिजनों ने बताया कि रोहित की चचेरी और तहेरी बहनों की शादी फरवरी महीने में ही होनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। जीआरपी-थाना पुलिस पहुंची। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कराने से मना किया। ग्रामीणों ने यहां अंडरपास बनवाने की जररूत बताई।

## करंट लगने से गिरा युवक, सिर फटने से मौत

संवाददाता, बिसौली

▸▸ कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सर्वा में हुआ हादसा

▸▸ बुधवार को उसकी बहन की है शादी, पसरा मातम

**अमृत विचार :** करंट लगने के बाद एक युवक छत से नीचे जा गिरा। उसका सिर फट गया। परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को उसकी बहन की लगन तय है। शादी वाले परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सर्वा के मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा चल रही थी। गांव निवासी ब्रजेश यादव पुत्र ईश्वरी प्रसाद बिजली के खंभे पर सीढ़ी लगाकर मंदिर के पास में ही एक घर की छत पर गए थे। खंभे पर बिजली का तार डालने लगे। उन्हें करंट लगा और वह नीचे जा गिरे। उनका सिर फट गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। उसे इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले गए जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बुधवार को ब्रजेश यादव की बहन रूपवती की लगन जानी थी। घर में तैयारी चल रही थी। चंद पल में ही खुशी मातम में बदल गई।

## ट्रक की टक्कर से जूता व्यापारी के बेटे की मौत



**वजीरगंज ।** थाना वजीरगंज के कस्बा के वार्ड आठ निवासी जूता व्यापारी टीकाराम के बेटे देवांग उर्फ मनु (18) सोमवार देर शाम अपने एक परिचित को छोड़ने के लिए बाइक से गए थे। ब्लॉक कार्यालय के सामने परिचित को छोड़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक तकरीबन दो सौ मीटर दूर तक खिंचड़ते हुए गई। मौके पर ही देवांग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने व्यापारी के बेटे को टक्कर मरने वाले ट्रक चालक को पकड़ लिया है।

**कायाकल्प** मार्च महीने में होगा वाहन पार्किंग स्थल बनाने का काम, दो बार हो चुका है बंद

# प्लेटफार्म दो का फर्श तैयार, अब होगा सौंदर्यीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


प्लेटफार्म दो पर बनाया गया फर्श।

▸▸ रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों में आई तेजी, तीन माह में बदल जाएगा स्वरूप

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर फर्श बनाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ठेकेदार ने फर्श पर स्लैब डाल कर काम बंद कर दिया है। अब यहां पर टाइल्स और पत्थर लगाने का कार्य कराया जाएगा। सौंदर्यीकरण का कार्य मार्च में शुरू करा दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो पर पिछले आठ महीने से कार्य चल रहा है। जुलाई अगस्त के महीने से प्लेटफार्म को ऊंचा करने का कार्य शुरू किया गया था, जो दस अक्टूबर को पूरा हो गया। प्लेटफार्म को ऊंचा करने के बाद उस पर दूसरा कार्य किया गया। कई जगह बिजली के खंभे लगाए गए। उसके बाद उस ठेकेदार को रेलवे ने लापरवाही बरतने के आरोप में हटा दिया। अब जनवरी से दूसरे ठेकेदार से काम कराया जा रहा है। यह अलीगढ़ की कंस्ट्रक्शन कंपनी काम कर रही है। इस कंपनी के जिम्मेदारों ने प्लेटफार्म दो पर पहले फर्श तैयार किया है। लगभग तीन सौ मीटर लंबाई में फर्श तैयार करने के बाद अब उस पर यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था की गयी है। प्लेटफार्म पर स्लैब और फर्श का काम लगभग पूरा हो चुका है। फर्श को पानी डाल कर पकाया जा रहा है। फर्श पक जाने के बाद यहां कई अन्य कार्य कराए जाने हैं। प्लेटफार्म दो पर यात्री शेड बनाया जाएगा। इसके लिए रेलवे ने टीन शेड के लिए जगह चिह्नित कर ली है।

### अगले माह ये-ये कार्य होने हैं

रेलवे के आई डब्लू जाकिर अली ने बताया कि प्लेटफार्म दो पर अब केवल सौंदर्यीकरण का कार्य होना है। इसके लिए बरेली इज्जतनगर से हरी झंडी मिल चुकी है। अभी प्लेटफार्म नंबर दो पर ग्रेनाइट फर्श बनाया जाएगा। नए डिजाइन के यूरिनल्स एवं वाशबेसिन के प्रावधान के साथ साथ दिव्यांग प्रसाधन के द्वार बनाए जाएंगे। यहां पर पेयजल की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, रात को रोशनी के लिए और खंभे लगाए जाने हैं। प्लेटफार्म के पीछे वाले हिस्से को भी ठीक किया जाना है, जिससे प्लेटफार्म पर जानवर न पहुंच सकें। सुरक्षा की दृष्टि से कई जगहों पर कैमरे लगाए जाने हैं। एलसीडी भी लगाई जाएगी। यह सभी कार्य अमृत भारत योजना के तहत किए जाने हैं। यह सभी कार्य दो से तीन महीने में पूरे कराए जाएंगे। फिर रेलवे स्टेशन का स्वरूप ही बदल जाएगा।

### वाहन पार्किंग के लिए अलग फंड होगा जारी

मुख्य द्वार के निकट बन रहे वाहन पार्किंग का कार्य भी अगले महीने से शुरू करा दिया जाएगा। यह कार्य भी नए ठेकेदार से कराया जाएगा। वाहन पार्किंग के लिए अलग फंड जारी किया जाएगा उसी के तहत ठेका दिया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर काम पूरा नहीं होता है तो रेलवे प्रशासन अपने स्तर से देखेगा।

# फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने का आह्वान

**नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर के गांव नूरपुर पिनौनी में इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह व क्राइम इंस्पेक्टर गुड्डू यादव ने स्टाफ के साथ गांव में शांति मार्च निकाला। लोगों से आपसी भाईचारे के साथ रहने की अपील की ।

सोमवार को इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने गांव में शांति मार्च निकालते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव आ रहा है। ऐसे में लोग आपसी भाईचारा बनाए रखें। फ्लैग मार्च शिव मंदिर मोहल्ला मैन बाजार में होते हुए मेन चौराहे पर समाप्त हुआ। पुलिस को सड़क पर देखकर लोग सहम गए। इस मौके पर पुलिस ने कहा कि चुनाव के समय अफवाहों पर ध्यान न दें। अराजक तत्वों पर नजर बनाए रखें। पुलिस को सूचना दें। किसी भी बात पर झगड़ा न करें। आपसी सहमति से मामलों को सुलझाएं।

# रेलवे कर्मियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ कर्मियों ने दिखाई थी सूझबूझ और तत्परता

▸▸ होते-होते बचे रेल हादसे, डीएम ने की सराहना


रेल प्रबंधक इज्जत नगर रेखा यादव के साथ सम्मानित होने वाले रेलवे कर्मचारी।

**अमृत विचार :** रेलवे कर्मचारियों ने डयूटी के दौरान सूझबूझ और तत्परता से कई रेल हादसों को होने से बचा लिया। कर्मचारियों की कार्यकुशलता और कार्य के प्रति लग्न मेहनत व ईमानदारी को देखते हुए इज्जतनगर मंडल ने ऐसे कर्मचारियों को नगद धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

रेलवे विभाग द्वारा बताया गया कि श्याम बाबू, ट्रैकमेन्टेनर (कीमैन के पद पर कार्यरत) ने 11 जनवरी को ड्यूटी के दौरान पाया कि ब्लाक सेक्शन मुरसान-सोनई में एक रेल वेल्ड फ्रैक्चर हो गया है। श्याम बाबू ने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित किया तथा संरक्षात्मक प्रक्रिया करते हुए रेल यातायात का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया। ट्रैक मेंटेनर की सूझबूझ के लिए रेलवे प्रशासन ने उन्हें सम्मानित किया है। इसी तरह ट्रैकमेन्टेनर रेशपाल एवं करन चौहान ने एक फरवरी को ड्यूटी के दौरान देखा कि ब्लॉक सेक्शन मकरन्दपुर-घटपुरी में एक रेल वेल्ड फ्रैक्चर हो गया है तो रेशपाल एवं करन चौहान द्वारा रेल वेल्ड फ्रैक्चर की सूचना तत्काल नजदीक स्टेशन मास्टर एवं अपने सीनियर सेक्शन इंजीनियर को देकर संरक्षात्मक कार्यवाही करते हुए रेल यातायात का संचालन संरक्षित तरीके से सुनिश्चित किया। दोनों कर्मचारियों की तत्परता से एक बार फिर ट्रेन दुर्घटना टल गई इसके लिए रेलवे प्रशासन ने दोनों कर्मचारियों को सम्मानित किया है।

इसको लेकर मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर रेखा यादव ने ट्रैकमेंटेनर्स श्याम बाबू, रेशपाल, करन चौहान एवं आशीष कुमार दो- दो हजार रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

# 15 साल से निर्माण की राह ताक रही शहबाजपुर की सड़क

## खस्ताहाल हो चुकी सड़क के कायाकल्प को कई वर्षों से लोगों को इंतजार, प्रशासन बना अंजान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वैसे तो विकास के नाम पर तमाम वादे किए जाते हैं। कहने को अमृतकाल मनाया जा रहा है। धरातल पर देखने पर पता चलता है कि आज से पंद्रह साल पहले जो तस्वीर थी. वहीं, आज भी है। दशकों पहले बनाई गई सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। गड्ढों में सड़क को खोजना पड़ रहा है। अमृत काल की एक झलक देखनी हो तो शहवाजपुर में जफा की कोठी से टिकट गंज चौराहे तक की सड़क को देख लो। यह सड़क करीब पन्द्रह साल पहले बनायी गयी थी जो अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। इस सड़क पर हर रोज वाहन पलटते हैं जिससे लोग चोटिल होते हैं। इसको लेकर नगर पालिका ने आंखें बंद कर ली हैं और प्रशासन अंजान है।

भाजपा सरकार काफी समय से अमृतकाल मना रही है। अमृतकाल का जश्न मनाने वाले धरातल पर हुए विकास से कोसों दूर हैं। शहर में ऐसी तमाम सड़कें हैं जो दशकों पहले बनायी गयीं थीं। उनकी दशा क्या है।



शहबाजपुर की टूटी सड़क। ● अमृत विचार

शहर के मोहल्ला शहवाजपुर में जफा की कोठी से टिकट गंज चौराहे तक करीब दो सौ मीटर की सड़क है। यह सड़क करीब पन्द्रह साल पहले बनायी गयी थी। सड़क तो पहले से है मगर मरम्मत पन्द्रह साल पहले हुयी थी। इस सड़क पर हर रोज हजारों वाहन इधर से उधर निकलते हैं। स्कूली बच्चे आते जाते हैं। स्कूली बच्चों के रिक्शे सड़क पर गड्ढों की वजह

**▸▸ हर रोज पलटते हैं दोपहिया वाहन व स्कूली ई-रिक्शा, आम राहगीर भी हो रहे परेशान**

से कई बार पलट चुके हैं। बाइक चालक भी गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। सड़क पर हर एक फिट के बाद गहरा गड्ढा है। टूटी सड़क से लोग निकलते समय शासन और प्रशासन को धन्यवाद देते हैं।

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन को कई बार सड़क की मरम्मत के लिए मांग पत्र दिया जा चुका है। जिला प्रशासन से भी इस सड़क को बनवाने की मांग की जा चुकी है फिर भी कोई ध्यान देने को तैयार नही है। सड़क जर्जर हो चुकी है। इस पर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

### क्या कहते हैं लोग



कई बार नगर पालिका से मांग की गयी कि सड़क की मरम्मत करा दी जाए। लोगों ने सभासद से भी कहा फिर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। सड़क पर पैदल चल पाना भी दूभर हो रहा है। **- रामबाबू।**



इस सड़क पर गड्ढे होने से हर रोज स्कूली बच्चे गिरते हैं। बाइक गड्ढे में गिरती है जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। मरम्मत कराने वाला कोई नहीं है। पालिका प्रशासन मौन साधे बैठा है। **-सचिन बाबू।**



सड़क की दुर्दशा को लेकर नगर विधायक से भी मिल चुके हैं। पालिका प्रशासन से बात की गयी मगर कोई परिणाम नहीं निकला। सड़क आज भी जर्जर स्थिति में है। आए दिन हादसे हो रहे हैं। **-नरेश कुमार।**



किसी से कहने से कोई फायदा नहीं है। इस सरकार में लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है। लोग परेशानी झेलने को मजबूर हैं। सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। किससे शिकायत की जाए। **- अमन।**

# भाषण में स्नेहा तो अभिनय में शगुन रहीं प्रथम

**बदायूं, अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में युवा महोत्सव चल रहा है। जिसके चौथे दिन भाषण, पोस्टर, एकल अभिनय एवं पाककला प्रतियोगिता कराई गई।

भाषण प्रतियोगिता में स्नेहा पांडेय प्रथम और दूसरे स्थान पर निखिल सिंह चौहान रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से शिव कुमार और आमरीन को मिला। एकल अभिनय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शगुन शर्मा ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर विपिन कुमार रहे। पाककला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से प्रियंका गुप्ता प्रियंका पाल एवं तान्या देओल रही। दूसरा स्थान संयुक्त रूप से सुहानी गुप्ता एवं बॉबी गुप्ता को मिला। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से प्रीति राठोर, तिवारी कमल सक्सेना एवं नीतू शर्मा को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका डॉ गौरव कुमार, डॉ सचिन राघव एवं डॉ सरिता यादव ने निभाई। मंच संचालन डॉ राकेश जायसवाल ने किया। डॉ हुकुम सिंह, डॉ पवन शर्मा, संजीव शाक्य, अनुज प्रताप आदि ने सहयोग दिया।

# मौसम में आया परिवर्तन, आसमान में छाए बादल


कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आसमान में बादल मंडराने लगे हैं। बारिश होने की संभावना के बीच तापमान लुढ़कने, फिर से ठंड बढ़ने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग ने अनुमान जताते हुए अलर्ट भी जारी किया है।

वसंत ऋतु का आगमन होने जा रहा है। मौसम खुशनुमा होने जा रहा है। सर्दी में पिछले चार दिनों से मौसम पूरी तरह से साफ दिख रहा है। सोमवार को भी अच्छी धूप खिली और सर्द हवा की गति भी धीमी हो गई लेकिन बीच बीच में बादल भी दिख रहे थे। जिसकी वजह से सूर्य का तेज कुछ कम रहा। मौसम विभाग द्वारा जारी किए अलर्ट के अनुसार कृषि अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार से मौसम बदलेगा। बारिश की संभावना बन रही है। गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। ऐसा होने से सर्दी में इजाफा होगा। साथ ही तापमान भी नीचे आएगा। वहीं, सोमवार को सुबह से खिली चटक धूप के बीच अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 23 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि हवा की दिशा पश्चिम उत्तर पश्चिम होने के बाद बादल घिरने लगे हैं। निम्न वायुदाब का क्षेत्र बनने पर हल्की, तेज बारिश के आसार बनते जा रहे हैं। अगले कुछ घंटों में बारिश की संभावना बन गई है।

**▸▸ बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया था अलर्ट**

**▸▸ न्यूनतम 12 तो अधिकतम तापमान 13 डिग्री किया दर्ज**



बादलों के बीच छिपता सूरज।

# छह सौ मीटर दौड़ में दीक्षा ने झटका गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सोमवार को बरेली स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। छह सौ मीटर दौड़ के दौरान बदायूं के अर्सिस परिषदीय स्कूल की छात्रा दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



विजेता छात्रा दीक्षा।

बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुई प्रतियोगिता में बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत के साथ बदायूं के विभिन्न परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें छह सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें बदायूं के संविलियन विद्यालय अर्सिस की छात्रा दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्रा को बरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह और संयुक्त शिक्षा निदेशक विनय कुमार ने गोल्ड मेडल प्रदान करने के साथ ही प्रशस्ति पत्र सौंपा। छात्रा की जीत पर वहां पर उपस्थित पीटीआई शिक्षकों के साथ छात्रा के परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# गांव बाबट में बनेगा तीन सौ मीटर का सीसी मार्ग

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के ग्राम बाबट के प्राचीन शिव मंदिर पर माह माघ में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने आरंभ किया। श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कथा स्थल पर विसर्जित की गई। इसके बाद ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने गन्ना क्रय केंद्र से लेकर प्राचीन मंदिर तक तीन सौ मीटर सीसी मार्ग डलवाने की घोषणा की।

ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि प्राचीन शिव मंदिर पर लंबे समय से गांव का दसवां संस्कार किया जाता है। यहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मेले का आयोजन भी होता है। मंदिर के निकट मतदान केंद्र स्थल भी है लेकिन मेन रोड गन्ना केंद्र से मंदिर परिसर तक कच्चा रास्ता होने के कारण मतदान केंद्र तक मतदाता व अधिकारियों के वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। श्रद्धालुओं व आम आदमी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या को सुनकर सदर विधायक ने सीसी मार्ग डलवाने की घोषणा की।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, ग्राम प्रधान भीमसेन सागर, वृंदावन मथुरा से आई कथावाचक माधुरी किशोरी, राममूर्ति सिंह, बंगाली सिंह, पुरुषोत्तम, राम कुमार, दिनेश सिंह, मुकेश कुमार, रूपेंद्र पटेल, वेदपाल सिंह, तेग बहादुर, जितेंद्र सक्सेना, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, अनुरोध पटेल आदि लोग मौजूद रहे ।

**▸▸ सदर विधायक ने साप्ताहिक कथा का किया आरंभ**

**▸▸ गन्ना क्रय केंद्र से प्राचीन मंदिर की सड़क थी बदहाल**

# नगर में हरिनाम संकीर्तन के साथ निकाली शोभायात्रा



शोभायात्रा में झूमते संत व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर के विरूआबाडी मंदिर में आयोजित श्री गौर निताई जी की 37वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय उत्सव के दूसरे दिन नगर में शोभायात्रा निकाली गई। वृंदावन की वैष्णव मंडली द्वारा संकीर्तन किया गया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग, मंदिर से पथिक चौक, टिकट गंज, हलवाई चौक, मढई चौक, काली सड़क होते हुए निकाली गयी। संकीर्तन के दौरान सभी भक्त भक्ति में डूब कर नृत्य करते दिखे। शोभायात्रा में श्री गौर निताई की झांकियां सजा कर सम्मिलित की गयी। इसमें श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल भी सम्मिलित हुआ। शोभायात्रा का जगह जगह फूलों से स्वागत किया गया।



शोभायात्रा में ट्रैक्टर ट्राली पर झांकी।

इस दौरान श्री श्री गौर निताई संकीर्तन ट्रस्ट के अध्यक्ष महाराज पंकज एवं ट्रस्ट के अन्य सदस्य अरुण, विजय, श्याम, शरद, ऋषिराम, उपेंद्र, आशीष, आशु, राकेश, अतुल, नरेंद्र, पवन आदि रहे।

## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बदायूं।** सोमवार को जीलॉट पब्लिक स्कूल में गुड लक पार्टी तथा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सीनियर विद्यार्थियों को विदाई दी। इस दौरान बच्चों ने नृत्य, नाटक प्रस्तुत करने के साथ ही अब तक के अपने अनुभवों को साझा किया। स्कूल प्रधानाचार्य ज्योति लता ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इधर, शहर के ब्लूमिंगडेल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जूनियर छात्रों ने सीनियर को विदाई दी। उनके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। स्कूल की छात्रा काव्या वैश्य को मिस ब्लूमिंगडेल एवं गर्व जैन को मिस्टर ब्लूमिंगडेल के ताज से नवाजा गया। स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य शोभा फ्रांसिस, निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता आदि रहे।

## नगला डल्लू में भक्तों ने कराया भंडारा, उमड़ी भीड़



**बिल्सी।** सोमवार को माघ माह के उपलक्ष्य में तहसील क्षेत्र के गांव नगला डल्लू में सिद्ध बाबा मंदिर पर लोगों ने पुण्य लाभ कमाने के लिए एक भंडारा आयोजित किया। इसमें सैकड़ों ने पहुंच कर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। यहां सबसे पहले बाबा के भक्तों ने सिद्ध बाबा की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया। उसके बाद कन्याओं को सहभोज कराया। उसके बाद लोगों को प्रसाद का वितरण शुरू किया। इस मौके पर नत्थू सिंह, रामवीर सिंह, कल्याण सिंह, विशाल बाबू, हरवीर सिंह, राकेश कश्यप, ओमप्रकाश सिंह, श्रीपाल सिंह, हुकुम सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## केसर साहू बनीं मिस राजाराम, रनरअप रहीं सृष्टि



**बदायूं।** शहर के राजाराम महिला इंटर कॉलेज में सोमवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ मुख्य अतिथियों मीता रस्तोगी तथा नीता रस्तोगी का स्वागत किया। तत्पश्चात कक्षा 12 की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फेयरवेल पार्टी में मिस राजा राम कुमारी केसर साहू, प्रथम रनर अप कुमारी सृष्टि रस्तोगी तथा द्वितीय रनर अप कुमारी अनुष्का सिंह रही। अंत में प्रधानाचार्य डॉक्टर अनिता कुमारी ने छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

## सीएम डैशबोर्ड के प्रकरण के हल में बदायूं तीसरे नंबर पर

**बदायूं।** सीएम डैशबोर्ड प्रकरण के निस्तारण में जिले को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में पुलिस ने जघन्य अपराधों में महिला संबंधी अपराध, अनुसूचित जाति/जनजाति, चरित्र सत्यापन, आग से नुकसान का आंकलन, आबकारी अधिनियम, गैंगस्टर, आरोपी की गिरफ्तार या आत्मसमर्पण आदि के मानकों पर रैंकिंग तय की जाती है। जिसमें बदायूं जिले को 10 में से 7.72 अंक प्राप्त हुए हैं। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने नोडल अधिकारी एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीएम डैशबोर्ड के जनपद कोआर्डिनेटर ज्ञान प्रकाश की प्रशंसा की। पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

## शहर में आज

- जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 10
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सम्मान समारोह शहर के सरकुलर रोड पर रात आठ बजे।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव नगला वन में दोपहर 12 बजे से।

## मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा आज से

**कासगंज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित सेकेण्डरी, सीनियर सेकेण्डरी, कामिल एवं फाजिल की परीक्षा जनपद में 13 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक सम्पन्न होगी। जिसके लिए विकास भवन स्थित कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। जिसका मोबाइल नम्बर 9084149412 एवं 9457120569 है।

# सात घंटे बंद रहा कासगंज-एटा हाईवे, भटकते रहे वाहन चालक

### बरेली-मथुरा रेलवे लाइन पर नदरई में अंडरपास निर्माण के चलते बिगड़ी यातायात व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** लंबे समय तक जद्दोजहद के बाद सोमवार को बरेली-मथुरा रेलवे लाइन पर नदरई में दूसरे अंडरपास का निर्माण शुरू हुआ। इस कार्य के चलते पूर्वाह्न 11 से शाम छह बजे तक करीब सात घंटे एटा-कासगंज हाईवे और बरेली-मथुरा रेल यातायात बंद रहा। हाईवे बंद रहने से दिनभर वाहन चालक भटकते इधर-उधर भटकते रहे।

सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से नदरई में अंडरपास निर्माण कार्य की शुरू होने को था, लेकिन मथुरा एक्सप्रेस को निकालने के चक्कर में आधा घंटे देरी से 11:30 बजे शुरू किया गया। शाम छह बजे तक निर्माण कार्य चला। इस बीच कोई सुपर फास्ट और एक्सप्रेस ट्रेन नहीं थी। सिर्फ मथुरा आने जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेनें थीं, जिन्हें रद्द किया गया था।

शाम को कासगंज से मथुरा जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को लगभग 45 मिनट देरी से रवाना किया गया। इन ट्रेनों के रद्द रहने की सूचना रेलवे ने पहले से जारी कर दी थी। बावजूद इसके रेल यात्री खासे परेशान हुए। इस रूट के अधिकांश लोगों ने रोडवेज की बसों या दूसरे वाहनों में सफर किया। कुछ ने अपनी यात्रा टाल दी। उधर, निर्माण कार्य शुरू होने पर पुराना अंडरपास बंद करना पड़ा। पुलिस ने वाहनों को रोकने के लिए बैरियर लगा दिए थे। कासगंज-एटा के बीच आवागमन का यह मुख्य मार्ग है। इसकी वजह से यहां जाम की स्थिति बनी रही। हाईवे बंद रहने से कुछ वाहन चालक मारहरा की ओर से निकले तो तमाम बाईपास होकर निकाले। जिस वाहन चालकों को रास्ते की जानकारी नहीं थी वे इधर-उधर भटकते रहे। इसकी वजह से उन्हें खासी दिककत हुई।


नदरई अंडरपास पर किया जा रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

- एटा के लिए बाईपास होकर निकाले गए वाहन, रास्ते की जानकारी न होने से परेशान रहे लोग
- मथुरा-बरेली जाने आने के लिए यात्रियों को लेना पड़ा रोडवेज बसों का सहारा

अंडरपास का कार्य शुरू हो चुका है। रेलवे ने अपना शेड्यूल जारी कर दिया है। अंडरपास के लिए सड़क और यातायात बंद करना जरूरी है।
–**राजेंद्र सिंह**, पीआरओ रेलवे

#### यह बनी थी योजना

पांच साल पहले पीडब्लूडी ने अंडरपास बनाने के लिए रेलवे को पांच करोड़ रुपये दिए थे। मगर बाद में रेलवे ओवरब्रिज बनाने पर अड़ गया। फिर संशोधन करके दो अंडरपास बनाने पर सहमति बनी। काफी प्रयासों के बाद सोमवार को रेलवे ने दूसरे अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया।


यातायात रोकने के लिए पुलिस ने कासगंज-एटा हाईवे पर लगाए बैरियर।


निर्माण कार्य की निगरानी करते रेलवे अधिकारी। ● अमृत विचार

#### 18 फरवरी को फिर होगा निर्माण कार्य

अंडरपास का निर्माण कार्य एक दिन चलने के बाद सोमवार शाम रोक दिया गया। अब 18 फरवरी को निर्माण कार्य किया जाएगा। इस दौरान दो ट्रेन संख्या 05347 और 05348 कासगंज अछनेरा पैसेंजर रद्द रहेगी।

## राष्ट्रीय लोकदल की जिलाध्यक्ष को मिली जमानत

**कासगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल की जिलाध्यक्ष आसमा वारसी को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई है। जेल से उनकी रिहाई का फरमान भी जारी कर दिया गया है। हालांकि न्यायालय ने अनुबंध भी कर दिया है।

- देह व्यापार का लगा था आरोप गैंगस्टर एक्ट भी लगा था

पुलिस ने राष्ट्रीय लोकदल की जिलाध्यक्ष आसमा वारसी को अनैतिक व्यापार व देह व्यापार के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। इसके बाद उनके खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी।

अदालत में सुनवाई के दौरान उन्होंने अपना पक्ष रखा। उनकी ओर से अधिवक्ता मोहम्मद अयाज ने पहले की। उन्होंने न्यायालय के सामने तर्क देते हुए कहा कि आसमान वारसी पर पूर्व में कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं है। बेवजह पुलिस की ओर से कार्रवाई में फंस गई है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना। उसके बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की ओर से उन्हें जमानत दे दी गई है।

# धीरे-धीरे सामान्य हो रहे सुलहपुर गांव के हालात, एहतियातन पुलिस तैनात

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** अमांपुर थाने में आरोपी युवक के आत्महत्या की कोशिश के बाद से सुलहपुर गांव में तनाव जैसा माहौल है। इसके चलते गांव में पुलिस और पीएसी तैनात है। हालांकि हालात धीरे-धीरे सामान हो रहे हैं। उधर, एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती गौरव कुमार की हालत में सुधार हो रहा है।

अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव सुलहपुर निवासी गौरव कुमार उसी गांव की एक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव को हिरासत में लिया था, जिसे छह दिन तक थाने में रखा। इससे परेशान होकर गौरव ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। इस पर आक्रोशित युवक के परिवार वालों ने जमकर बवाल किया था। चूंकि दोनों पक्ष एक ही गांव के हैं, जिससे बवाल के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है। उसी दिन से गांव में पुलिस पुलिस-पीएसी तैनात है। पुलिस के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे हर बिंदु पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।


गांव सुलहपुर में तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

- अमांपुर थाने में युवक के जान देने की कोशिश का मामला

मामले की जांच एएसपी कर रहे हैं। जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक का उपचार अलीगढ़ में चल रहा है।
–**अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

# वेतन न मिलने पर नगर पालिका में टैक्स कलेक्टर ने जहर खाया

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** मां की बीमारी के चलते वेतन न मिलने से मानसिक तनाव में आए नगर पालिका के टैक्स कलेक्टर ने सोमवार दोपहर पालिका परिसर में अधिशासी अधिकारी कार्यालय के सामने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इसका पता लगने नगर पालिका कर्मचारियों में खलबली मच गई। फौरन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

शहर की चित्रगुप्त कॉलोनी निवासी अभय (29) नगर पालिका में टैक्स कलेक्टर (कर संग्रहदाता) पद पर तैनात है। साथी कर्मचारियों ने बताया कि सोमवार अभय कार्यालय पहुंचा तो काफी मानसिक तनाव में था। दोपहर में वह अधिशासी अधिकारी कार्यालय के बाहर खड़े होकर दूसरे कर्मचारियों से बातें कर रहा था। इसी बीच उसने जेब से विषाक्त पदार्थ निकाला और निगल लिया। फिर तो कार्यालय परिसर में खलबली मच गई। फिर तो कर्मचारियों के बीच भगदड़ मच गई। हर कर्मचारी अभय के बारे में सुनकर मौके पर दौड़ गया। नगर पालिका के कर्मचारी फौरन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने अभय को भर्ती करके उपचार किया शुरू कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल अभय खतरे से बाहर हैं, लेकिन पूरी तरह हालत में सुधार नहीं है।

साथी कर्मचारियों ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन ने पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया है। अभय की मां ललिता देवी बीमार हैं। पत्नी गर्भवती है, जिसे कभी अस्पताल ले जाया जा सकता है। उसकी मां व पत्नी को इलाज की जरूरत है। वेतन मिलने से अभय अर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उसने मां की बीमारी का हवाला देकर वेतन दिलाने को अधिकारियों से कहा था। मगर अफसरों ने कह दिया पहले टैक्स वसूलकर लाओ, फिर वेतन मिलेगा। इसी वजह से अभय मानसिक तनाव में था।


जिला अस्पताल में नगर पालिका कर्मी का उपचार कराते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- अधिकारी कह रहे थे पहले टैक्स वसूलकर लाओ, इसके बाद मिलेगा वेतन
- टैक्स कलेक्टर की मां बीमार आर्थिक तंगी के चलते नहीं करा पा रहे थे इलाज

#### अधिकांश कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन


नगर पालिका के अधिकांश कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। अभय टैक्स कलेक्टर है। इससे उन पर टैक्स वसूलने का दबाव अधिक रहा, जिससे कि कर्मचारियों को वेतन दिलाया जा सके। अन्य कर्मचारियों के साथ अभय का भी वेतन रुका हुआ है। उनकी मां और पत्नी का स्वास्थ्य खराब है। ऐसे में वे काम के दबाव के साथ-साथ परिवार की समस्या को लेकर मानसिकता तनाव में दिखाई दे रहे थे।

एक कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया है। उसकी क्या समस्या है हय जानकारी की जा रही है। समस्या का समाधान कराया जाएगा।
–**धर्मराज सिंह**, अधिशासी अधिकारी

## गांवों में प्रवास कर बताईं सरकार की विभिन्न योजनाएं

**न्यौली, अमृत विचार :** भाजपा नगरिया मंडल द्वारा सोमवार को गांव चलो अभियान के तहत 24 घंटे प्रवास कर ग्रामवासियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताकर उनका लाभ लेने के लिए जागरूक किया। नगरिया मंडल उपाध्यक्ष नाहर सिंह सोलंकी ने मंडल के तारापुर गांव में प्रवास करके ग्रामवासियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए सभी से नमो एप डाउनलोड कर सरकार की योजनाओं से जुड़ने का आहावान किया। प्रवास के दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनके जीवन में आए बदलाव पर भी चर्चा की। संगठन को बूथ स्तर पर सक्रिय करने के लिए उन्होंने बूथ समिति के पदाधिकारियों एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। पूर्व ब्लाक प्रमुख रामवीर सोलंकी, बूथ अध्यक्ष किशोर चौहान रहे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 419 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग


सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** सोमवार को अमांपुर विकास खंड के गांव बाबूपुर खुशकरी के सार्वजनिक इंटर कॉलेज में सामाजिक एवं शैक्षिक संस्था लक्ष्य द्वारा स्वामी ब्रह्मानंद निशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में कक्षा छह से कक्षा 8 तक के 419 विद्यालयों के जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा ने बताया कि स्वामी ब्रह्मानंद निशुल्क सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता विद्यालय में सुबह 10 बजे से शुरू हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के जूनियर स्तर के 419 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों के लिए 50 बहु विकल्पीय प्रश्न दिए गए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व अन्य छात्र एवं छात्राओं को आगामी परीक्षा परिणाम आने के बाद आगामी दिनों में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा उन्हें प्रशस्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। परीक्षा में लक्ष्य संस्थाके प्रदेश कार्य कारिणी सदस्य सरिता राजपूत, विद्यालय के प्रबंधक प्रबंधक आर्येंद्र लोधी, योगेश कुमार, आचार्य लोकेंद्र शास्त्री भोजराज सिंह, भगवती प्रसाद, केके सिंह, तेजभान रहे।

## पति से कहासुनी होने पर महिला ने गले में फंदा लगाकर दी जान

**कासगंज, अमृत विचार:** पति से कहासुनी होने पर एक महिला ने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। इसका पता लगने पर महिला के मायके वाले पहुंच गए हैं। देर शाम तक दोनों पक्षों के लिए सुलह के लिए पंचायत चलती रही।

- गांव मयासुर में हुई घटना मौके पर पहुंचे मायके वाले नहीं दी तहरीर

यह घटना रविवार रात की है। गांव मयासुर निवासी अशोक व उसकी पत्नी विमला (24) के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इससे आक्रोश में आई विमला ने घर के कमरे में जाकर अपने गले में फंदा लगाकर खूंटी पर लटक गई। परिवार के लोगों ने कमरा खोलकर देखा तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। इसकी सूचना मिली तो मायके भी पहुंच गए। शुरूआत में मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया। मगर गांव के कुछ लोगों ने बीच में पड़कर मामला शांत करा दिया।

# वंचित परिवारों की बनेगी फैमिली आईडी, मिलेगा योजनाओं का लाभ

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। डीएम ने डीबीटी से आच्छादित योजनाओं के अनुश्रवण तथा फैमिली आईडी (एक परिवार एक पहचान) के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कर वंचित परिवारों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विचार विमर्श किया।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि आधार कार्ड बनाने पर अवैध वसूली न की जाए। शिकायत मिलने पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड बनाने की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने कहा कि निरंतर मॉनीटरिंग के साथ योजना का क्रियान्वयन गंभीरता के साथ किया जाए। सभी वंचित परिवारों को योजनाओं से लाभांवित कराने के लिए लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण अवश्य कराया जाए।

बैठक में बताया गया कि फैमिली आईडी योजना के अंतर्गत ऐसे परिवार जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित नहीं हैं एवं जो परिवार राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं, उन्हें सरकार द्वारा फैमिली आईडी उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था की गई है। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली आईडी से सहूलियत होगी। जो परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं, वे स्वेच्छा से जनसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के सत्यापन की प्रक्रिया ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के भांति होगी। जिसके अन्तर्गत परिवार के सदस्यों का सत्यापन शहरी क्षेत्रों में एसडीएम द्वारा लेखपाल से कराया जाता है।


जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम सुधा वर्मा व अन्य अधिकारी।

- पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड की प्रगति कम पाए जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी
- जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## व्यापारियों को दी जीएसटी कानूनों की जानकारी

**कासगंज, अमृत विचार :** अहिंसा स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शहर के प्रभु पार्क पर सोमवार को टैक्स अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सभी व्यापारी वर्ग सूक्ष्म एवं मध्यम स्तरीय को जीएसटी संबंध में जानकारी दी गई।

सीएम मुकेश वार्ष्णेय ने व्यापारियों को आयकर व जीएसटी से संबंधित कानूनों का ज्ञानवर्धन किया। व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। व्यापारियों को आयकर की धारा 43B (1h) से संबंधित शंकाओं का भी निवारण किया। उन्हें इस धारा के साथ टैक्स प्लानिंग के बारे में बताया। संभव जैन, देवीशष वार्ष्णेय, गोविंद, कृतिका, शोभित, सुरेश चंद्र वार्ष्णेय, जितेंद्र वार्ष्णेय, विकास गुप्ता, दीपक गुप्ता, विनय जैन, राम केला, राजीव केला, अनूप गुप्ता, तरुण महेश्वरी मौजूद रहे।


**लापरवाही** करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से लगाया गया था लॉजिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम

# पानी छोड़ने को लगाए आधुनिक यंत्र हुए फेल, सूखी पड़ीं हैं नहरें

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** आधुनिकीकरण के इस दौर में नहरों के संचालन को भी हाईटेक किया जा रहा है, लेकिन अभी तक यह सिस्टम जिले में प्रभावी नहीं हो सका है। यहां सेटेलाइट सिस्टम लगाया जा चुका है। संभावना थी कि रवि की फसल आने पर यह व्यवस्था कारगर होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभी भी नहरों का संचालन मैनुअल तरीके से हो रहा है। किसान एक बार फिर से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सेटेलाइट सिस्टम पर नहरें संचालित हो जाएंगी तो समय रहते खेतों को पानी मिल सकेगा।

जिले के किसान सरकारी सिचाई व्यवस्था पर काफी हद तक आश्रित हैं। एक बड़ा क्षेत्रफल फर्रुखाबाद ब्रांच की गोरहा नहर से जुड़ा हुआ है, लेकिन काफी लंबे समय से इस नहर से किसानों के खेतों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यहां तक कि बंबा और माइनर भी सूखे पड़े हुए हैं। पिछले साल शासन स्तर पर एक ऐसी पहल हुई जिससे किसान उत्साहित हो गए। किसानों को लगा कि अब उनकी समस्या का समाधान आधुनिक तरीके से होगा, क्योंकि नहरों के संचालन की व्यवस्था हाईटेक कर दी गई। सेटेलाइट सिस्टम के माध्यम से नहरों का रोस्टर जोड़ दिया गया। लखनऊ में बैठे अफसर जब बटन दबाया करेंगे तभी नहरों में पानी आएगा, लेकिन यह सैटेलाइट सिस्टम प्रभावी नहीं हो पाया है। अभी तक नहरों में पानी नहीं आया है। इससे बंबा और माइनर को भी पानी नहीं मिल सका है। किसान सिर्फ यही उम्मीद लगाए बैठे हैं कि यदि सेटेलाइट सिस्टम से नहरों का संचालन हो जाएगा तो पूरी सहूलियत मिल जाएगी।


कासगंज हजारा नहर का डैम जहां से पानी छोड़ा और रोका जाता है। ● अमृत विचार

- मॉनिटरिंग का जिम्मा लखनऊ में बैठे अधिकारियों को दिया गया था

#### फेल हो गया एचआईएस

जिले की नहरों पर पानी के फ्लो और डिस्चार्ज के लिए हाई लॉजिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम लगाया गया था। मगर यह सिस्टम प्रभावी नहीं हो सका। क्योंकि चोरों ने इस सिस्टम की बैट्री निकाल ली तो कहीं से कैमरे निकाल लिए। जिले में लगभग तीन करोड़ रुपये की अधिक लागत से लगे सिस्टम फेल हो गए। अब नए सिरे से निगरानी की तैयारी है।

नहरों को पानी कितना चाहिए, कितना है, किसानों को कितने पानी की जरूरत है। इसके लिए आधुनिक पहल हुई और यंत्र भी लगाए गए, लेकिन कारगर नहीं हो सके। अब नए सिरे से नई योजना बनेगी। – **संजय कुमार**, सहायक अभियंता सिंचाई

# मौसम में बदलाव से पनप रहीं बीमारियां


जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर कतार में खड़े मरीज।


जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीज देखते चिकित्सक।

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव से बीमारियां पनप रही हैं। सुबह-शाम तेज ठंड और दोपहर में चटक धूप हो रही है। मौसम में उतार चढ़ाव की वजह से बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ी है।

सोमवार को सुबह से जिला अस्पताल में पंजीकरण के लिए मरीजों की कतार लग गई। इनमें बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। सबसे अधिक बच्चे बुखार के शिकार हो रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार बच्चों की सेहत के लिए यह मौसम ठीक नहीं है। चिकित्सकों की सलाह है कि ऐसे बदलते मौसम में एहतियात बरतें और गर्म वस्त्रों का प्रयोग करें। थोड़ी दिक्कत होने पर भी चिकित्सक की सलाह लें।

- सुबह-शाम तेज ठंड और दोपहर में खिल रही चटक धूप
- एहतियात बरतने की सलाह दे रहे चिकित्सक

**मौसम में परिवर्तन सेहत पर पड़ता है विपरीत प्रभाव :** जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा का कहना है कि यह मौसम बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं है। जब-जब मौसम में परिवर्तन होता है तब बच्चों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ जाता है। सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी समस्या हो तो चिकित्सक की सलाह लें।

## एक नजर

### परिषदीय स्कूलों के बच्चों को मिले योजना का लाभ

**पटियाली।** सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली पर खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत यादव ने समीक्षा बैठक की। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी शिक्षकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की बिंदुवार जानकारी ली । उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग में पढ़ने वाले सभी बच्चों को सभी सरकारी सुविधाओं का शत प्रतिशत लाभ हर हालत में देने के निर्देश दिए। खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि दो दिवस के अंदर किसी भी बच्चे की यूडाइस पोर्टल पर अनावश्यक पेंडेंसी दिखाई नहीं देनी चाहिए। अगर कुछ भी पेंडेंसी दिखाई दी तो संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। शरद वार्ष्णेय, रतन प्रकाश,यशवीर सिंह,भूपेंद्र गौतम,प्रदीप यादव सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### कासगंज पुलिस ने दो वांछित किए गिरफ्तार

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कोतवाली विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि वांछित विमल कुमार निवासी मुहल्ला घासी कस्बा गंजडुंडवारा एवं बहार मियां उर्फ भुलुआ निवासी पचपोखरा थाना गंजडुंडवारा गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद वांछितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

### पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी के गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वांछित आरोपी अंकित निवासी लभेडा थाना दादों जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उसके विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज था। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# आपसी विवाद में सास-बहू ने जहरीला पदार्थ खाया

**संवाददाता, एटा**

- मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद दोनों की हालत में सुधार

**अमृत विचार :** घरेलू बातों को आपस में कहासुनी होने पर सास-बहू ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

यह घटना रविवार देर शाम करीब सात बजे की है। सकीट थाना क्षेत्र के गांव अंगदपुर निवासी गिरीश चंद्र ने बताया कि उनकी पत्नी पूजा और मां रामबेटी के बीच घरेलू मामलों को लेकर विवाद हो गया था। इससे गुस्से में आकर पहले उसकी पत्नी ने चूहे मार दवा खा ली। उसकी हालत बिगड़ी देख उसकी मां को लगा कि कोई अनहोनी होने पर सारा मामला उनके डाल दिया जाएगा। इससे उन्होंने भी चूहे मार दवा खा ली, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ने। इसका पता लगने पर परिवार वालों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया। हालत ठीक होने पर सोमवार सुबह परिजन दोनों को घर ले गए। वहीं, कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर निवासी फिरदौस की पत्नी शाइना बेगम को रविवार की रात करीब 11 बजे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। फिरदौस ने बताया कि उसका पत्नी से झगड़ा हो गया था। इसके बाद देर रात उसने विषाक्त पदार्थ खा लिया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है।

## माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाए जाने वाले बसंत पंचमी पर्व का है धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व

# बसंत पंचमी कल, शुभ मुहूर्त में करें सरस्वती पूजन

**दीपक मिश्र, मोहनपुरा**



**अमृत विचार :** माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। आचार्य पंडित दिवाकर पचौरी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार पंचमी तिथि 13 फरवरी को दोपहर 2.43 बजे प्रारंभ होकर 14 फरवरी दोपहर 12.10 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार बसंत पंचमी 14 फरवरी को मनाई जाएगी। मां सरस्वती पूजन का शुभ मुहूर्त 14 फरवरी को सूर्योदय से 3 घंटे तक बन रहा है। इसी के अनुसार सभी जातक पूजन कर सकते हैं।

पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन ज्ञानदायिनी मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था। इसी दिन से बसंत ऋतु का आगमन माना जाता है, जो सभी ऋतुओं का राजा है। इस ऋतु में वृक्षों में नए नए पल्लव आने लगते हैं। शिशिर ऋतु के गमन के बाद प्रकृति का स्वरूप बदलकर अनुकूल होने लगता है, जिससे मनुष्य उत्साही और प्रसन्नचित्त हो जाता है। गुलाबी ठंड के साथ मौसम सुहाना हो जाता है। खेतों में पीली सरसों चारों निराली सुनहरी छटा बिखेरती है। आम के पेड़ों पर बौर आना शुरू हो जाता है और चारों ओर सुंदर दृश्य, सुगंधित पुष्प, मंद मंद बहती पवन और कोकिला की कूक सबको आनंद से भाव विभोर कर देती है।

### गृह प्रवेश और विद्यारंभ के लिए अत्यंत शुभ

माघ मास का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। इसी माह में आने वाली बसंत पंचमी को किसी शुभ कार्य के लिए सही समय माना जाता है। पुराणों के अनुसार इस दिन मुख्य रूप से विद्यारंभ एवं गृह प्रवेश के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

### बसंत पंचमी पर पीले रंग का विशेष महत्व


ज्योतिषीय दृष्टिकोण से बसंत पंचमी पर पीले रंग का विशेष महत्व माना जाता है। पीला रंग शुद्ध, सादगी, निर्मलता और सात्विक प्रवृत्ति का प्रतीक माना जाता है। पीले कपड़े पहनकर, पीले फूल अर्पण कर मां शारदा की पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन पीली चीजों का प्रयोग करना बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से मां सरस्वती प्रसन्न होकर बुद्धि, विवेक और ज्ञान का आशीर्वाद देती हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पीला रंग दिमाग को सक्रिय रखता है जिससे मानसिक अवसाद दूर होता है। मस्तिष्क में उठने वाली तरंगे खुशी का एहसास कराती हैं इस कारण आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। पीला रंग सूर्य के प्रकाश का रंग है जो शक्ति का प्रतीक है, यह तारतम्यता, संतुलन, पूर्णता एवं एकाग्रता प्रदान करता है।

# जिम्मेदार लापरवाह... मथुरा हाईवे पर यात्री परेशान

## मोहनपुरा में वर्षों पुरानी जाम की समस्या से नहीं मिल पा रही निजात, तीन माह तक जाम से जूझते हैं हाईवे पर लोग

**संवाददाता, मोहनपुरा (कासगंज)**

**अमृत विचार :** कासगंज-मथुरा हाईवे पर मोहनपुरा मटर मंडी में लगने वाले जाम को लेकर जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं, लेकिन राहगीर परेशान हैं। साल में लगभग तीन महीने यहां लोग जाम से जूझते रहते है। लोग जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज उठा चुके हैं। मगर जाम से निजात नहीं मिल रही। सोमवार को भी मोहनपुर मटर मंटी में जाम रहा। जिला मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर बरेली-मथुरा हाईवे पर मोहनपुरा में मटर मंडी लगती है।, जो एशिया की सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है। यहां दिसंबर से मार्च तक मटर का बड़ा कारोबार होता है। यहां मटर के कारोबार को स्थाई मंडी स्थल का निर्माण नहीं कराया गया। पूरा कारोबार सड़कों पर होता है। यहां की मंडी समिति हर साल करोड़ों का राजस्व देती है, लेकिन यहां सुविधाओं का अभाव है। मटर मंडी में रात को बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही पीने के पानी का इंतजाम है। निजी साधनों के भरोसे कारोबार चलता है। राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने से बरेली-मथुरा रोड पर वाहनों का भारी दबाव है। यहां बड़ी संख्या में मटर की फलियों से लदे वाहन पहुंचते हैं, जिनकी वजह से हाईवे पर लंबा जाम लग जाता है। कई-कई घंटों तक यात्रियों को जाम से जूझना पड़ता है। स्थानीय लोग वर्षों से जिला प्रशासन और शासन से जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं। केवल स्थाई मंडी स्थल निर्माण इस गंभीर समस्या का हल है। दीपक मिश्र और सचिन सिसौदिया द्वारा इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को ट्वीट भी किया गया था।



कासगंज-मथुरा हाईवे पर मटर मंडी के चलते लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार

- जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक समस्या के निदान को लगा चुके हैं गुहार



जाम की वर्षों पुरानी समस्या है। यह शासन और प्रशासन के संज्ञान में है। सुना है समाधान के लिए कोई रास्ता निकाला गया है, लेकिन उस पर अमल होना चाहिए। -दुष्यंत कुमार



आवागमन में लोगों को परेशानी होती ही है। स्थानीय लोग भी जाम से परेशान रहते हैं। इसके समाधान का रास्ता निकलना चाहिए। समस्या गंभीर होती जा रही है। -रवि कुशवाह



निजी कार्य से अलीगढ़ से लौटकर कासगंज आना था। डेढ़ घंटे से मोहनपुरा मटर मंडी के पास जाम में फंसे रहे। यह बड़ी समस्या है। इसका समाधान होना चाहिए। -धरवेन्द्र कुमार



मंडी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को ट्वीट कर जानकारी दी थी, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकल सका है। फिर भी कोशिश की जा रही है। -सचिन सिसौदिया

# बूथों पर प्रवास कर पत्रक बांट रहे भाजपा नेता



बूथ पर प्रवास कर सरकार की योजनाओं के पत्रक बांटते केपी सिंह। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत जिले के प्रत्येक बूथ पर भाजपाई प्रवास रहे हैं और सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बता रहे हैं। सोमवार को भी तीनों विधानसभाओं में प्रवास पर रहकर सरकार की योजनाओं के बारे में भाजपाइयों ने जानकारी दी।

विधानसभा क्षेत्र कासगंज में नवल कुलश्रेष्ठ, रामनिवास राजपूत, केपी सिंह, शरद गुप्ता, केके सक्सेना, विजय लक्ष्मी, राजीव यादव, पवन यादव, के नेतृत्व चित्रगुप्त कॉलोनी, मोहल्ला जय जय राम, हुल्का में गांव चलो अभियान के तहत विधानसभा प्रवासी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी ने बैठक कर लोगों को सरकार की योजनाओं से संबंधित पत्रक दिए। नमो एप डाउनलोड कराया। कासगंज विधानसभा क्षेत्र के मंडलों में पत्रक वितरित किए गए। बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की गई। भाजपा नेता नवल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि बूथ समिति का सत्यापन कर बूथ स्तर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है।

# सबने पसंद किया चन्द्रयान-3 और आदित्य एल-1 का मॉडल

**संवाददाता, अमांपुर**




विद्यार्थियों के बनाए मॉडल चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 का अवलोकन करते अतिथि।

- विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने मॉडल बनाकर दिखाई अपनी प्रतिभा
- अमांपुर के एसएन पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी

**अमृत विचार :** कस्बे के एसएन पब्लिक स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के इन मॉडलों को अतिथियों एवं अध्यापकों ने सराहा।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चांद अली खान, गीता राजपूत, प्रबंधक डा. भगवान सिंह राजपूत, प्रधानाचार्य अजय अटल ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चांद अली खान ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजन से छात्रों में प्रतिभा का उदय होता है। विधार्थियों ने चन्द्रयान मिशन-3, लैडर-रोवर, आदित्य एल-1, राममंदिर, हाइड्रो पावर प्लांट, वर्षा जल संरक्षण, सुरक्षित यातायात, स्मार्ट सिटी, इलेक्ट्रिक कार, इलेक्ट्रिक वैल, अस्पताल, ग्रहचाल, पहाड, सब्जी काटने की मशीन, वाटर वोट, जेसीबी, फ्लाईओवर आदि के मॉडल प्रस्तुत किए। इस दौरान अलग-अलग वर्ग से प्रशंसा शुक्ला, गुलरिबा, सिमरन, आतिफा, हिना, देव गुप्ता, दक्ष सोलंकी, राहुल, साहू सोलंकी, आतिफा, मिस्टी, शनि गुप्ता, भूमिका शाक्य, शौर्य गुप्ता, आराध्या जैन आदि ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। अतिथियों ने बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों की सराहना की। डायरेक्टर पंकज राजपूत, सुमन राजपूत, पुष्पेंद्र वर्मा, मानसी दीक्षित, अमरकांत सर, कुलदीप यादव, राजकिशोर, शुभम राजपूत, सुनील चौहान, रूपकुमार, रोहित कुमार, हरिओम वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, सौरभ गुप्ता, राजकुमार वर्मा, कैलाश शाक्य मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों से ऑटो और बाइक चोरी

**एटा, अमृत विचार :** कांशीराम कालोनी निवासी अनूप कुमार रविवार सुबह कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति से सब्जी खरीदने गया था। उसने अपना ऑटो मंडी गेट के अंदर खड़ा कर दिया और सब्जी लेने चला गया था। 20 मिनट बाद लौटा तो वहां से ऑटो चोरी हो चुका था। अनूप कुमार ने कोतवाली नगर में चोरी की रिपोर्ट लिखाई है।

वहीं, कस्बा सकीट के मोहल्ला काजी निवासी नीरज कुमार अपने खेत में पानी लगाने के लिए गया था। उसने अपनी बाइक सकीट रोड ईदगाह के पास खड़ी कर दी थी। उसने लौटकर देखा तो वहां से बाइक गायब थी। आसपास तलाशने पर बाइक का कुछ पता नहीं चला।

वहीं कोतवाली नगर में रमाकांत निवासी उददनपुर राम नगर ने शिकोहाबाद रोड स्थित पीएल गार्डन से बाइक चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई है

# अन्नदाता के हित में योजनाएं चला रही सरकार

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**



सांसद को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत करते किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीएस लोधी।

- विधायक बोले- पूर्व की सरकारों ने किसानों को परेशान किया भाजपा सरकार उत्थान कर रही
- विकसित ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम में सांसद ने गिनाईं सरकारी योजनाएं

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से सोमवार को कासगंज विधानसभा क्षेत्र के गांव बहेडिया में विकसित ग्राम परिक्रमा कार्यक्रम हुआ। इसमें सांसद ने किसानों एवं सर्व समाज के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीएस लोधी ने मुकुट पहनकर सांसद का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का लाइव कार्यक्रम सुना गया।

एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में नित नई योजनाएं चला रही है। किसानों की आय दोगुनी की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत किसानों को राशि दी जा रही है। सरकार ने किसानों के लिए बेहतर बिजली व्यवस्था बनाई है। सिंचाई के लिए अच्छे इंतजाम किए हैं। ऐसा कोई बिंदु नहीं छोड़ा है, जिससे किसानों को समस्या का सामना करना पड़े। सांसद ने कहा कि सरकार किसानों को पूरा सम्मान देने में जुटी हुई है। कासगंज जिले के किसानों को अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो सीधे उनसे संपर्क करें। वह उनका समाधान करेंगे। सरकार पूरी तरह किसानों के साथ खड़ी है।

सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने कहा कि किसानों के हित में सरकार अच्छे कार्य कर रही है। पूर्व की सरकारों ने किसानों को परेशान किया। उनकी कमर तोड़ने का काम किया, लेकिन अब भाजपा सरकार किसानों के उत्थान में पूरी ताकत लगा रही है। अमापुर विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि किसान हमेशा सम्माननीय थे, हैं और सम्माननीय रहेंगे। भाजपा सरकार किसानों को बेहद सम्मान के नजरिए से देखती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी के की। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीएस लोधी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नीरज शर्मा, डॉ. वीडी राना, राजवीर सिंह भल्ला, अनुरोध प्रताप सिंह, राकेश गुप्ता, ब्रज क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य दीपक गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख जसवीर राजपूत मौजूद रहे।

### सांसद ने प्रतिभाओं को दिए प्रमाण पत्र

श्री गणेश इंटर कॉलेज में आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह में सांसद राजवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। जहां उन्होंने तहसील स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र दिए। सांसद ने कहा कि हमारे जिले में खेल के क्षेत्र में तमाम प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्हें मुकाम मिलना चाहिए। सरकार खेल की प्रतिभाओं को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए काम कर रही है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में बच्ची समेत कई लोग घायल

**एटा , अमृत विचार :** थाना पिलुआ क्षेत्र के गांव कंचनगढ़ी के पास रविवार देर शाम कार ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में नेम सिंह निवासी नगला सैंया जिला कासगंज और उसके साढू संतोष कुमार निवासी नगला रंपुरिया कासगंज की 11 वर्षीया बेटी शिवानी घायल हो गए। तीनों को डिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इसके बाद बालिका को अलीगढ़ रेफर किया गया है। थाना रिजोर क्षेत्र शिकोहाबाद रोड स्थित एका मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार उदयवीर निवासी आरंगाबाद थाना जसराना जिला फिरोजाबाद, कृपाल सिंह निवासी नगला जसुआ थाना बरहन आगरा और गिर्राज सिंह निवासी दखनपुर थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद घायल हो गए। तीनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां कई लोगों की हालत नाजुक बताई जाती है। पुलिस जांच कर रही है।

# यू ट्यूब और गूगल में खो गई युवा पीढ़ी मोबाइल में गुम हो गई रेडियो की आवाज

**कार्यालय संवाददाता, कासगंज**

- विश्व रेडियो दिवस पर विशेष : मोबाइल के दौर में नहीं सुनाई देती रेडियो की आवाज
- एक समय था जब घर-घर लोग रेडियो पर सुनते थे कार्यक्रम और गाने

**अमृत विचार :** एक समय था जब रेडियो की अपनी अलग पहचान और डिमांड थी। लोग इसे बेहद पसंद करते थे। अधिकांश घरों में रेडियो होता था। जिस पर लोग एकत्रित होकर गाने या तरह-तरह के कार्यक्रम सुनते थे। मगर मोबाइल के इस दौर में रेडियो आवाज एकदम गुम हो गई।

आधुनिकता की होड़ में अब हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन और लैपटॉप है। नई पीढ़ी अपनी जरूरत के अनुसार यू ट्यूब और गूगल बाबा का इस्तेमाल कर रही है।यही कारण है कि बच्चे रेडियो से अनभिज्ञ हैं।

बावजूद इसके आकाशवाणी की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि लोग रेडियो के साथ-साथ आकाशवाणी से जुड़े रहें।

### युवा रेडियो की अहमियत समझते थे

एक समय वह था जब आकाशवाणी का कार्यक्रम प्रसारित होता था तो लोग रेडियो के पास पहुंच जाते थे। खासतौर से युवा वर्ग इसकी अहमियत तब समझता था जब मैच का प्रसारण होता था। वहीं, अंग्रेजी या हिंदी समाचारों के प्रसारण को सुनकर लोग देश और विदेश की खबरों की जानकारी लेते थे। अब ऐसा नहीं है। रेडियो घर की चौखट से ही नहीं बल्कि समाज से भी दूर हो गया। अब सब कुछ स्मार्टफोन में ही उपलब्ध है जो सभी हाथों में है लेकिन रेडियो तो गिने चुने लोगों के पास ही बचा होगा।

### आकाशवाणी के कार्यक्रम

आकाशवाणी की तरफ से कई कार्यक्रम प्रसारित होते हैं जो कहीं न कहीं हर वर्ग को जोड़ते हैं। किसानों के लिए पंचायत घर, ग्रामीण महिलाओं के लिए पनघट तो शहरी महिलाओं के लिए गृह लक्ष्मी कार्यक्रम आयोजित होता है। युवाओं के लिए युगवाणी, कानून संबंधी जानकारी के लिए भी कार्यक्रम प्रसारित होते हैं।

> रेडियो का प्रचलन काफी कम हुआ है। हालांकि शहरों की अपेक्षा गांवों में रेडियो के श्रोता अधिक हैं। आकाशवाणी हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ कार्यक्रम प्रसारित करता है। नई पीढ़ी में रेडियो कम पसंद किया जा रहा है, लेकिन रेडियो के कार्यक्रम का क्रेज आज भी अलग ही है।
>
> -**श्रीकृष्ण शरद**, पूर्व उद्घोषक आकाशवाणी

### विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**कासगंज।** डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 से दोपहर 12 :30 बजे तक विकास कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक होगी। सीडीओ सचिन ने सभी विकास कार्यों से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को सूचनाओं सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद दोपहर 12 :30 बजे से 50 लाख से अधिक लागत की सड़क, भवन एवं निर्माण कार्यों से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक होगी। सभी निर्माण कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक/अधिशाषी अभियंताओं एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी बैठक व प्रशिक्षण कल

**कासगंज।** डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में सभी सेक्टर आफीसर के साथ बैठक व प्रशिक्षण 14 फरवरी को सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश कुमार पटेल ने संबंधित सभी सेक्टर आफीसरों को बैठक में निर्धारित तिथि पहुंचने को कहा है।

### जुआ खेलते पांच लोग गिरफ्तार

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र में जुआ खेलते हुए ईश कुमार, रामबाबू निवासीगण बसंतनगर, श्रीकृष्ण, वीरेंद्र, अमरपाल निवासीगण करूआबारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे मौके पर 6450 रूपये की नगदी व 52 ताश पत्ते बरामद किए हैं। आरोपी के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से अग्रिम कार्यवाही की गई है।

# आनंद अध्यक्ष और रामदास वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**कार्यालय संवाददात, कासगंज**



डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी।

- आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की कार्यकारिणी गठित
- पुरानी कार्यकारिणी की गई भंग पेश किया गया ब्योरा

**अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक डॉ. भीमराव अंबेडकर धर्मशाला भीम नगर में हुई। जिसमें पुरानी कार्यसमिति को भंग नई का गठन किया गया। पुरानी कार्यसमिति ने आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्षता राकेश कुमार नागर एवं संचालन रामदास विजय ने किया। बैठक में पूर्व कार्यकारिणी के अध्यक्ष मोह लाल सागर एवं महामंत्री आनंद प्रिय विद्यार्थी द्वारा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया।

उसके बाद अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी गठित किए जाने का सदन से आग्रह किया। राकेश कुमार नागर की देखरेख में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें आनंद प्रिय विद्यार्थी को अध्यक्ष, रामदास विजय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नंद किशोर को उपाध्यक्ष, रामेश्वर दयाल जाटव को महामंत्री, बृजेश कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इनके अलावा रामचंद्र राना को लेखानिरीक्षक, चरन सिंह और देवेंद्र कुमार पुष्कर को मंत्री तथा प्रचार मंत्री राजीव कुमार व केपी सिंह, होशियार सिंह निमेष, विशाल कुमार, संजय कुमार सिंह, मोहनलाल सागर, मुनेंद्र सिंह, डीपी सिंह राना, शील प्रिय विद्यार्थी को मेला प्रबंधक एवं योगेंद्र कुमार सांस्कृतिक सचिव, सुनील कुमार को मीडिया प्रभारी, मुख्य संरक्षक के रूप में रामजी लाल विद्यार्थी को चुना गया।

